26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी


बिजनौर : बुधवार, 26 अगस्त , 2026

अंक- 302 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# पाकिस्तान के पीआईएमएस अस्पताल में लगी आग, 15 नवजातों की मौत

**इस्लामाबाद (एजेंसी/चिंगारी)।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में आज एक सरकारी अस्पताल के स्त्री रोग वार्ड में आग लगी। जिसके कारण 15 नवजात शिशुओं की मौत हो गई। यह जानकारी डॉन अख़बार की रिपोर्ट के अनुसार है। यह घटना राजधानी के सबसे बड़े और अच्छी सुविधाओं वाले सरकारी अस्पताल, पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीआईएमएस) में हुई।

जियो न्यूज ने बताया कि आग लगने की घटना में 15 बच्चों की मौत हो गई। हालांकि, हताहतों की संख्या के बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पीआईएमएस की प्रवक्ता डॉ. अनीजा जलील ने डॉन अखबार को बताया कि जिस वार्ड में आग लगी, वहां 15 बच्चे थे। उन्होंने कहा, हो सकता है कि रात में कुछ बच्चों को छुट्टी दे दी गई हो, इसलिए अभी हताहतों की सही संख्या नहीं बताई जा सकती। घटना के कारण के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी मालूम होती है। उन्होंने बताया कि आग सुबह करीब 7 बजे लगी थी। उन्होंने कहा कि आग बुझा दी गई है, लेकिन कूलिंग प्रोसेस में कुछ समय लगेगा। घटना की वजह और जांच के लिए जिला प्रशासन ने अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में एक जांच समिति गठित की है। प्रशासन के अनुसार, समिति आग लगने के असली कारण का पता लगाएगी और यह भी जांच करेगी कि घटना किन परिस्थितियों में हुई। इसके साथ ही कई अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था में कहीं कोई चूक तो नहीं हुई।



## शाह बोले- देश कोई धर्मशाला नहीं

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि यह देश कोई धर्मशाला नहीं है। यहां रहने का अधिकार केवल नागरिकों को है। घुसपैठिए देश की सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और जनसांख्यिकीय बदलाव के लिए खतरा हैं। हमारा लक्ष्य देश को इन घुसपैठियों से मुक्त करना है। शाह ने इंटेलिजेंस ब्यूरो की नेशनल सिक्योरिटी स्ट्रैटेजीज (NSS) कॉन्फ्रेंस में कहा कि उन्होंने पिछले आठ महीनों में सभी बॉर्डर स्टेट का दौरा किया है। उन्होंने इन राज्यों के साथ सीमा सुरक्षा की रणनीति से जुड़ा दस्तावेज भी साझा किया।

ॐ

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूतः।।

## शोक संदेश



॥ ॐ शांति ॥

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
हमारे पूज्य पिता जी
**डॉ. ओ. डी. आर्य जी**
का स्वर्गवास शनिवार दिनांक 15 अगस्त 2026 को हो गया था।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। दिवंगत आत्मा की सद्गति एवं शान्ति हेतु
शोक श्रद्धांजलि का कार्यक्रम निम्नवत है।

### तेहरवीं संस्कार एवं श्रद्धांजलि सभा

दिनांक : 27 अगस्त 2026, बृहस्पतिवार

हवन (निज निवास).......................... प्रातः 10.00 बजे
ब्रह्मभोज.......................... दोपहर 12.00 बजे
रस्म पगड़ी/श्रृद्धांजलि सभा .......................... दोपहर 2.00 बजे

**स्थान : जैन धर्मशाला**
नई बस्ती, निकट बिजनौर टाइम्स, बिजनौर

**शोकाकुल परिवार**
गीता शर्मा-अखिलेश शर्मा (पुत्री-दामाद)
प्रो. रश्मि एस. रावल-प्रो. एल.बी. रावल (पुत्री-दामाद)
उमा दत्त - ज्योत्सना शर्मा (पुत्र-पुत्रवधु)
डॉ. चारूदत्त आर्य-मंजू शर्मा (पुत्र-पुत्रवधु) एवं समस्त परिवारजन

**निवास :** नई बस्ती, बी-14, निकट करबला, बिजनौर
मो. 8755025007, 9412635586, 8218505787, 9412237764




**महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज**

मात्र 5 लाख रुपयों में
100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध



सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने
के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234

ALL FOR GOD'S GLORY · SAINT JOHN'S SCHOOL, BIJNOR

**ST. JOHN'S SCHOOL, BIJNOR**

WE ARE HIRING!



TGT – BIOLOGY & PRT – ALL SUBJECTS

*Join our academic team.*

POSITION: | TGT – Biology, PRT – All Subjects
LOCATION: | St. John's School, Near Gupta Chakki, Nai Basti B-14, Bijnor
QUALIFICATION: | Graduation / Post Graduation in Biology, Social Studies and English B.Ed.
EXPERIENCE: | Preferably experienced in teaching at the TGT level.
SKILLS: | Strong subject knowledge and good communication skills.

APPLY NOW

Interested candidates can send their updated CV to:
Stjohnsschoolbijnor@gmail.com
Contact: 9837801885, 9927979617

*St. John's School, Bijnor*

## चेयरमैन का गूढ़ा सराय में हुआ स्वागत


नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम गूढ़ा सराय के सम्मानित व जिम्मेदार लोगों ने एक मीटिंग का आयोजन किया। जिसमें नजीबाबाद चेयरमैन व विधायक पद के प्रत्याशी इंजीनियर मुअज्ज़म का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। चेयरमैन इंजीनियर मुअज्ज़म ने 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। वह आजाद समाज पार्टी से नजीबाबाद विधानसभा से टिकट मांग रहे है। इसी के चलते गूढ़ा सराय के जिम्मेदार लोगों ने एक सभा का आयोजन कर विधायक पद के भावी उम्मीदवार इंजीनियर मुअज्जम को अपना समर्थन देने का ऐलान किया। आजाद समाज पार्टी के विधानसभा चुनाव 2027 के भावी उम्मीदवार इंजीनियर मुअज्जम को गूढ़ा सराय के लोगो ने जिताने का वायदा किया। उन्होंने कहा कि नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र में अब बदलाव की जरूरत है। वह इंजीनियर मुअज्ज़म के साथ खड़े है। नासिर कुरैशी के संचालन में मीटिंग में सदर निसार अहमद, स्वर्ग सिंह, ग्राम प्रधान मुस्तकीम, वीरेंद्र, अब्दुल अज़ीज़, शराफत, अहसान, इरशाद, मुस्तकी़म मलिक, मुख्तार मलिक, सनाउल्लाह मंसूरी, फैसल, फ़राज़, निसार, वसीम आदि मौजूद रहे।



## गुलदार पीड़ित परिवार से मिले अवनीश

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के कारोबारी व वरिष्ठ भाजपा नेता अवनीश अग्रवाल टांडेवाले ने पिछले दिनों क्षेत्र के ग्राम खुशहालपुर मड़का में गुलदार के हमले में मौत का शिकार हुए सात वर्षीय बच्चे अनिकेत के परिवार से मुलाकात कर घटना पर गहरा दुख जताया। विधायक पद के भावी उम्मीदवार अवनीश अग्रवाल ने मृतक के पिता भूदेव कश्यप से मुलाकात कर उन्हें शासन से मदद दिलाने के साथ अपनी फैक्ट्री में परिवार के दो सदस्यों को नौकरी देने की घोषणा की। इस मौके पर ग्रामीणों ने उन्हें गुलदार से सुरक्षा कराने तथा गांव में अन्य समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने समस्याओं के हल का आश्वासन दिया। इस मौके पर जगदीश सिंह, अमरपाल, तेजपाल, बिजेंद्र कश्यप, सुरेश कुमार, नरेंद्र सिंह, तीरथ सिंह आदि मौजूद रहे।






## 99 बच्चों के पंजीकरण किये, 45 को दिव्यांग प्रमाण-पत्र दिये

नजीबाबाद (चिंगारी)। ब्लॉक संसाधन केंद्र/पूर्व माध्यमिक विद्यालय नजीबाबाद में दिव्याग बच्चों की सहायतार्थ एक शिविर का आयोजन किया गया। सचिन कसाना तथा जिला समन्वयक लियाकत अली के निर्देशन में 99 बच्चों के पंजीकरण किये गये तथा 45 को दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिये चिन्हित करते हुए 35 बच्चों को जिला चिकित्सालय के लिये रेफर किया गया। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा लगाये गये कैम्प में बाल रोग से इन्द्रजीत सिंह, नेत्र रोग से दीपा गोयल, अर्थो से योगवेंदर सिंह, बेसिक शिक्षा से शिक्षक नेता मोबीन हसन, उपासना, मुजफ्फर, नाजिम, रंजीत यादव, हिमानी चौधरी, मनोरमा, शहरोज आदि उपस्थित रहे।






## कार्यालय नगर पंचायत साहनपुर (बिजनौर)

पत्रांक: 166 / न0पं0 सा0/2026-27 दिनांक- 25.08.2026

### सार्वजनिक नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत साहनपुर द्वारा निर्मित दुकानों की किरायदारी हेतु प्रीमियम की नीलामी दिनांक 27.08.2026 को समय प्रात: 11:00 बजे कार्यालय नगर पंचायत साहनपुर प्रागंण में की जायेगी, नीलामी तिथि के अवकाश की स्थिति में अगला कार्य दिवस माना जायेगा।

| क्र.सं. | स्थान |
|---|---|
| 1. | मौ. नद्दाफान दुकानों की नीलामी खेल के मैदान के पास।<br>(दुकान नं.-01, 11, 15, 16, 17) |

1. दुकान नीलामी बोली हेतु सामान्य वर्ग की ज़मानत राशि अंकन रू0 20,000/- जमानत राशि नकद / डिमाण्ड ड्राफ्ट/RTGS/NEFT द्वारा नगर पंचायत फण्ड के खाता संख्या-11671707037 आई0एफ0एस0सी0कोड-SBIN0005474 में जमा की गई ही मान्य होगी। नीलामी की शर्ते किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय नगर पंचायत साहनपुर पर पढ़ी, देखी व समझी जा सकती है, तथा नीलामी स्थल पर पढ़कर भी सुनाई जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत साहनपुर
बिजनौर

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत साहनपुर
बिजनौर

राखी केवल एक धागा नहीं, यह एक जिम्मेदारी है, एक वादा है ( पेज 8 )



# डीसीओ कार्यालय पर धरना जारी



**बिजनौर ( चिंगारी )।** सरदार वीएम सिंह के आह्वान पर जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय पर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का धरना सातवें दिन भी जारी रहा।

वीएम सिंह की याचिका पर कोर्ट ने गन्ना ब्याज के आदेश दे दिये, पर गन्ना आयुक्त का कोर्ट में कहना है कि हमारे पास पुराना ब्याज का हिसाब नहीं है, वो ही हिसाब अब समितियों और जिला गन्ना अधिकारी से लेना है किसानों को, और कोर्ट में दिखाना है। जिला गन्ना अधिकारी तीन साल का हिसाब देने को तैयार है, लेकिन किसान 30 साल का विलम्ब ब्याज सहित हिसाब तक अड़े हुए हैं। जब तीन साल का हिसाब डीसीओ गन्ना अधिकारी बिजनौर हिसाब देने को तैयार है तो 30 साल का क्यूं नहीं। ज़िला अध्यक्ष विनोद कुमार उर्फ बिट्टू ने साफ स्पष्ट कहा है ज़िला गन्ना अधिकारी को तीस साल का हिसाब देना ही होगा, तब तक धरन जारी रहेगा

आज की सभा में जिला अध्यक्ष विनोद कुमार उर्फ बिट्टू, ऋषिपाल महाराज जी, हितेंद्र सिंह, मोबीन त्यागी, भूपेंद्र सिंह, जयपाल सिंह, चांदपुर तहसील अध्यक्ष देवेंद्र सिंह बिट्टू, रोहित राठी, मौ. नवेद, अजीत सिंह, गजेंद्र सिंह, नीपेंद्र सिंह, हिमांशु, अमित कुमार, महताब, ईश्वर दयाल, पुखराज आर्य, अमर सिंह आदि रहे।

# बच्चे भी बैठे क्रमिक अनशन पर



हीमपुर दीपा ( चिंगारी )। जलीलपुर ब्लॉक के गंगा खादर क्षेत्र में बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों का आंदोलन लगातार तेज हो रहा है। बड़ों के साथ अब बच्चे भी इस आंदोलन में कूद पड़े हैं। आज दो बच्चों 9 साल के वासु चौहान और 10 साल के नवरूप भी क्रमिक अनशन पर बैठे। दोनों बच्चों तथा अन्य बड़े अनशनकारियों को ग्रामीणों ने माला पहनाकर अनशन पर बैठाया। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें हर साल भीषण समस्या से जूझना पड़ता है, लेकिन शासन-प्रशासन द्वारा स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा। परेशान लोग चुनाव का बहिष्कार करने की भी योजना बना रहे हैं।

# खेलते समय कुएं में गिर गया मासूम

## कुएं में भरे कचरे पर अटका, ग्रामीणों ने बाहर निकाला



**नगीना ( चिंगारी )।** थाना रायपुर देहात क्षेत्र स्थित ग्राम हीमपुर पछातपुरा में बच्चों के साथ खेलते खेलते एक बालक तीस फीट गहरे कुएं में गिर गया। गनीमत रही कि कुएं के पानी पर कचरा पड़ा होने के कारण बच्चे को कोई खास चोट नहीं आई। ग्रामीणों ने रस्सी की मदद से बच्चे को बाहर निकाला।

मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम हीमपुर पछातपुरा निवासी दलित जितेंद्र कुमार का चार वर्षीय पुत्र मानस सोमवार की सायं के समय दलित बस्ती घर के पास डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के निकट बच्चों के साथ खेल रहा था। वहीं पर एक पुराना कुंआ है। वह खेलते खेलते कुएं में जा गिरा। कुएं में पानी भरा होने के साथ-साथ पानी के ऊपर काफी मात्रा में कचरा पड़ा हुआ था। मानस जब गिरा तो वह कचरे की वजह से पानी में डूबने से बच गया। मानस के गिरने पर बच्चों ने शोर मचाया,जिस पर मानस के परिजन और पड़ोसी ग्रामीण कुएं की ओर दौड़ पड़े। लोगों ने देखा कि मानस कचरे पर खड़ा हुआ था। यह देखकर परिजनों को सकून आया। ग्रामीणों ने रस्सी का झूला बनाकर कुएं में डाल दिया और मानस को हिम्मत बंधाते हुए के सहारे धीरे-धीरे उसे बाहर निकाला। मानस के सुरक्षित बाहर निकलने पर ग्रामीणों और परिजनों ने राहत की सांस ली।

# मंदिर का दान पात्र तोड़कर नगदी चुराई

**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्थानीय मोहल्ला काजीपाड़ा ईदगाह रोड स्थित शिव मंदिर में चोरी की घटना से श्रद्धालुओं में रोष है। चोर मंदिर में रखा दान पात्र तोड़कर करीब तीन हजार रुपये चोरी कर ले गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। मंगलवार की शाम करीब सात बजे स्थानीय लोग मंदिर में भजन चलाने के लिए पहुंचे। इसी दौरान उनकी नजर मंदिर में रखे दान पात्र पर पड़ी, जो टूटा हुआ था। उसमें रखी रकम भी गायब थी। स्थानीय निवासियों के मुताबिक, मंदिर में प्रतिदिन महिलाएं सफाई करने आती हैं वे दोपहर करीब 12 बजे तक वहां रहती हैं। मंगलवार को भी महिलाओं ने मंदिर में सफाई की थी। करीब 12 बजे वहां से चली गई थीं। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि चोरी 12 बजे के बाद हुई होगी। पुलिस ने घटना की जांच शुरू करते हुए मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस फुटेज के आधार पर चोर की पहचान करने का प्रयास कर रही है।



भली लगे
या बुरी...

## यह सोच कब बदलेगी?

पिछली सदी के शुरू में महिला जागरण का जो सिलसिला शुरू हुआ, उसके दौरान एक ओर जहां प्रगतिशील सामाजिक शक्तियों का उसे सहयोग मिला, वहीं ऐसे लोगों की भी कमी नहीं रही जो इस जागरूकता को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं थे। उनकी सोच के मुताबिक़ महिला की भूमिका घर की देहरी के भीतर तक ही सीमित है और ऐसे में जब इस 'आधी दुनिया' ने पढ़ना-लिखना सीखा, अपने पैरों पर खड़ा होने का प्रयास किया तो ऐसी प्रतिगामी शक्तियों ने उसे तमाम तरह के नियम, परम्पराओं और रीति-रिवाजों का हवाला देकर उसकी प्रगति को रोकने की हरचंद कोशिश की। सच तो यह है कि यह सिलसिला आज भी खाप पंचायतों आदि के फैसले के नाम पर कई क्षेत्रों में जारी है। यह एक ऐसी मानसिकता है, जो महिला को सिर्फ भोग्या मानती है और उसके स्वतंत्र अस्तित्व व स्वयं फैसले लेने की क्षमता को नकारती है। इस पर भी जब महिला जागरूकता का अभियान नहीं रुका और विशेष रूप से केन्द्रीय व राज्य स्तर पर विभिन्न सरकारों ने महिला शिक्षा और समानता के लिए विशेष प्रयास किये गये तो महिला विरोधी ताकतों ने उसे हर तरह से अपमानित और प्रताड़ित करने का बीड़ा उठा लिया। वर्तमान की यौन हिंसा उसी का सर्वाधिक वीभत्स रूप है। इसके अतिरिक्त भी कदम-कदम पर महिलाओं के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार लगातार जारी है। महिलाओं के साथ हिंसा की घटनाओं में लगभग 40 प्रतिशत ससुराल की देन होती हैं। कहीं उसके पैदा होने पर शोक मनाया जाता है तो कहीं दहेज और पारिवारिक सीमाओं का हवाला देते हुए उसकी आत्मनिर्भर-उड़ान को बाधित करने की कोशिशें लगातार जारी हैं। इसी के चलते आज समाज में महिलाओं की संख्या प्रति एक हजार पुरुष के मुकाबले 920 के आसपास सिमटती जा रही है। उत्तर प्रदेश में तो यह अनुपात प्रति एक हजार पर 908 ही है। पिछली सदी में देश में यह अनुपात 972 था। इतना ही नहीं, महिलाएं बुरी तरह कुपोषण की शिकार हैं। बच्चों की परिवरिश व परिवार चलाने की जिम्मेदारी भी उसी पर डाली जाती है। कुल मिलाकर कह सकते हैं कि परिस्थितियां बदली तो हैं, लेकिन महिलाओं के प्रति पुरुष प्रधान समाजि की मानसिकता को पूरी तरह बदलने में अभी वक्त लगेगा।

# वन्दे मातरम् का अमृत संदेश

**प्रथम स्वाधीनता संग्राम में लगभग दो सौ वर्ष पूर्व तथाकथित प्रगति व सभ्यता की रेखा से बहुत निचले स्तर पर समझे जाते थे। उस समय भारतीय नवयुवतियों का प्रतिनिधित्व कर रही थीं, झांसी की रानी 'महारानी लक्ष्मी बाई।'**

मात्र 18 वर्ष की आयु में अत्यन्त विषम व अस्थिर परिस्थितियों में भी अपने राज्य को स्वस्थ, सुदृढ़ व सकारात्मक दिशा देने हेतु संघर्षरत व प्रयासरत थीं। अपने ही पड़ोसी राज्यों व ब्रिटिश शासन से लोहा लेने के लिये झांसी के प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित कर्त्तव्य-बोध, उत्साह, उमंग भरकर, पावन युद्ध कौशल के रंग में रंगकर 'दुर्गा-दल' की स्थापना करती हैं। मात्र इतना ही नहीं झांसी की प्रत्येक नवयुवती आत्म-रक्षा व राष्ट्र रक्षा हेतु स्वयं को दुर्गा रूप में प्रमाणित भी करती हैं। न तो उन स्त्रियों के पास उच्च स्तरीय डिग्रियां थीं और न ही वे किसी उच्च वर्ग से सम्बंधित थीं। दुर्गा दल की सेनापति थी, कोलावंशी झलकारी बाई। अन्य महिला सैनिक मोती बाई, काशी बाई या अन्य भी सामान्य शासनाधीन प्रजा के अन्तर्गत ही आ रहीं थीं। यह है अट्ठारह सौ सत्तावन ई. में प्रयोग अभ्यास व प्रमाण के साथ 'वन्दे मातरम्।' कार्तिक वदी 14 संवत 1891 (11 नवम्बर सन 1836 ई.), काशी में मोरोपंत व भागीरथी बाई के घर जन्मीं मनुबाई, ज्येष्ठ शुक्ला सप्तमी, शुक्रवार अट्ठारह जून, अट्ठारह सौ उनसठ को पूर्ण स्वराज्य की नींव का पत्थर बनकर वन्दे मातरम् का अमृत संदेश दे गयीं।




'झांसी की रानी' नामक उपन्यास में झांसी राज्य के वंशज प्रसिद्ध इतिहास उपन्यासकार 'बाबू वृन्दावन लाल वर्मा' ने वास्तविक जीवंत चित्रण किया है। अध्यात्म-प्रेरित-आधारित युद्ध व क्रांति का सशक्त हस्ताक्षर सिद्ध हुयी 'महारानी लक्ष्मी बाई' ...त्वयि दुर्गा शक्ति।

पंद्रह जुलाई सन् उन्नीस सौ तेंतालीस में 'रानी झांसी रजिमेंट' का गठन हुआ आजाद हिंद फौज में। रेजिमेंट की प्रथम भारतीय महिला जासूस 'नीरा आर्य' अपनी आत्म कथ्य पुस्तक 'मेरा जीवन संघर्ष' में लिखती हैं कि सेना की गतिविधियों से प्रेरित होकर नन्हे बालकों ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस से बाल सेना संगठित करने का आग्रह किया तो उन्होंने कहा, इतनी छोटी उम्र में मैं तुम्हे सेना में भर्ती नहीं कर सकता। इस पर 'रामकरण आर्य' नामक बालक ने उत्तर दिया- गुरू गोविन्द सिंह के उन बच्चों से हमारी उम्र बहुत अधिक है, जो जिन्दा दीवार में चिनवा दिये गये थे। फिर दुनिया की पहली बाल सेना की घोषणा हुयी और देखते-देखते वीर बच्चों के झुण्ड के झुण्ड सेना में 'कदम-कदम बढ़ाये जा' गीत गाते हुये सेना में भर्ती होने लगे।

'बाल सेना के आत्म-घाती दल बर्मा के युद्ध में मित्रों के टैंकों के नीचे अपनी पीठ पर गाइन बांधकर लेट जाते थे और टैंकों को उड़ा देते थे। रामकरण आर्य ने भी अपना बलिदान देकर दुश्मन का टैंक उड़ाया था। जिनके दूध के दांत टूटे भी नहीं थे, उन्होंने दुश्मन के टैंक तोड़ डाले थे।' भारत के इतिहास में पन्ना धाय से लेकर जीजा बाई एवं असंख्य माताओं ने अपने सपूतों को मातृभूमि पर न्यौछावर किया है और अनवरत क्रम में करती आ रही हैं। वंदे मारतम्... त्वयि जननी .. त्वयि भवानी...।

श्रीमद् भगवदगीता, सत्यार्थ प्रकाश जैसे ग्रन्थों से शिक्षा लेने वाले राष्ट्रवादी क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह, खुदीराम बोस, रामप्रसाद विस्मिल, हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूम गये। वस्तुत: महर्षि रमण, महर्षि अरविन्द, सुभाषचन्द्र बोस जैसे नवयुवकों ने प्रशासनिक सेवाओं को ठुकराकर उच्च स्तरीय आध्यात्मिक साधनाओं के द्वारा राष्ट्र सेवा, मानव सेवा का सुदृढ़ संकल्प लिया था। स्वराज्य को सर्वोपरि मूल-मंत्र समझते हुए आध्यात्मिक ठोस धरातल पर सशक्त आत्म बल पर आरूढ़ होकर क्रांति का शंखघोष किया था। वास्तविक अर्थों में 'जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' का संदेश देकर अमर हो गये। वन्दे-मातरम्... त्वयि.... जगदम्बिके मां।

पावन हिरण्य गर्भा के पावन बलिदानी गर्भ-प्रसूनों को मृदुल लेखनी की शब्दांजलि.... श्रद्धांजलि..।

**विरासत यही है, वसीयत यही है।**
**कर्म-भूमि यही है, प्राकृतिक यही है।।**
**बीज सार्थक फलित हो सका है तभी।**
**मूल मातृभूमि से जुड़ सका है तभी।।**
**वन्दे मातरम् ! जयहिंद!!**

**डॉ. मृदुला शर्मा, बिजनौर**
(वर्ल्ड बुक रिकॉर्ड होल्डर)

# हुजूर की आमद मरहबा...



## किरतपुर में निकला जुलूसे मुहम्मदी

**किरतपुर (चिंगारी)।** ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर यहां मोहल्ला हलवाईयान स्थित मदरसा अहले सुन्नत तालीमुल मुस्लिम के सौजन्य से एक जुलूस निकाला गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने शिरकत की। जुलूस में नाराय रिसालत , नाराए, तकवीर, हजूर की आमद मरहबा आदि नारे लगाए जा रहे थे। जुलूस निर्धारित मार्ग से होता हुआ मोहल्ला किला स्थित दरगाह हजरत मईउद्दीन पर जाकर समाप्त हुआ। जुलूस में उत्साही युवा व बच्चे इस्लामी पोशाक पहने नारे लगाते चल रहे थे। जुलूस का युवा आसपा नेता अशरफ जमील सहित दर्जनों लोगों की ओर से स्वागत किया। जुलूस में कारी गुलाब, नबी मुरादाबाद, मुफ्ती आसिफ मिसवाही, बनारस मौलाना हमदम, फैजी, बरेली आदि मौजूद है। इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष मोहम्मद वसीम अत्तारी मुफ्ती चांद रजा वकार कादरी, दिलसाद रिजवी , हाफिज आबिदनूरी, हाफिज फैजान रजा, यासीन रजा, मुस्लिम रजा, शाहरुख रजा, जैद अत्तारी बारिश, कादरी तथा मासूम सावरी आदि जुलूस की व्यवस्था संभाले हुए थे। इस अवसर पर थाना प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे विधायक मनोज पारस ने भी जुलूस में शिरकत की।

# एक दिन में दो-दो जगह पकड़े जा रहे गुलदार, दहशत फिर भी बरकरार

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। पिछले कुछ दिनों से काफी तेजी से पिंजरे के माध्यम से गुलदार पकड़े जा रहे हैं, मगर गुलदारों के दिखाई देने, उनके द्वारा पालतू अथवा बेसहारा पशुओं पर हमले किए जाने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। आज बुधवार को भी कासमपुर गढ़ी व अगवानपुर में दो अलग-अलग स्थानों पर दो गुलदार पिंजरों में फंस गये। वन दरोगा सत्यवीर सिंह ने बताया कि कासमपुर गढ़ी के उत्तर दिशा की ओर काली माता मंदिर के पास कोठ बाग के निकट तीन दिन पूर्व लगाए गए पिंजरे में लगभग 7 वर्ष आयु का नर गुलदार कैद हुआ है जिसे फिलहाल पीलीडैम वन चौकी ले जाया गया है। सत्यवीर सिंह ने बताया कि आज ही अफजलगढ़-कालागढ़ रोड स्थित अगवानपुर में भी नायब सिंह के खेत में कई दिन पूर्व लगाए गए पिंजरे में लगभग 9 वर्ष आयु का भारी भरकम नर गुलदार फंसा है। उन्होंने बताया कि उसे भी फिलहाल पीली डैम वन चौकी ले जाया जा रहा है। सत्यवीर सिंह के मुताबिक पकड़े गए दोनों गुलदारों का स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत उच्चाधिकारियों के आदेश पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।



## .. ये तो समाधान नहीं

अक्सर अमानगढ़ वन क्षेत्र से निकलकर आबादी की ओर आ रहे गुलदारों को पिंजरों के माध्यम से पकड़कर फिर अमानगढ़ में ही छोड़ दिया जाना समस्या का स्थायी समाधान नजर नहीं आता। लोगों का मानना है कि वही गुलदार फिर आबादी की ओर लौटकर आ रहे हैं।

## पानी से बचने के लिये सूखे स्थानों की तलाश

जानकारों का कहना है कि गुलदार पानी से डरता है और सूखे में रहने का आदी है। वर्षा ऋतु में बारिश के दौरान गुलदार पानी से बचने के लिए पानी से भरे खेतों से बचकर सूखे स्थान की तलाश में निकल पड़ता है, इसीलिए वह वर्षा ऋतु में पेड़ों, खेतों पर बनी ट्यूबवैलों की छतों, खंडहरों, सुनसान इलाके के पास आ रहे स्कूल कॉलेजों अथवा अन्य स्थानों की दीवारों, छतों आदि को अपना आश्रय स्थल बनाता है। जानकार बताते हैं कि सूखे स्थानों पर दिन में अक्सर लुक छुपकर रहने के बाद रात के अंधेरे में वह शिकार की तलाश में निकलता है और मौका देखकर अपने शिकार पर हमला कर देता है।

## रेंजर का कहना है..

**वन क्षेत्राधिकारी नगीना प्रदीप कुमार शर्मा का कहना है कि आम जनता से गुलदार के संबंध में शिकायतों के निस्तारण हेतु हर संभव प्रयास किया जाता रहा है और आगे भी समस्याओं के समाधान की हर मुमकिन कोशिशें की जाती रहेंगी।**

# बेटे ने अपने पिता पर लगाया मां की हत्या का आरोप, पुलिस को तहरीर दी

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर सैद उर्फ नयागांव में कल बंद घर में मां शहनाज का शव मिलने के मामले में बेटे ने पिता पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। उल्लेखनीय है कि मिर्जापुर सैद में कल श्रीनगर से घर पहुंचे युवक आसिफ को घर बंद मिला तथा अपने पास रखी चाबी से ताला खोलने पर मां शहनाज का घर के अंदर शव पड़ा मिला था। पिता अहमद हसन के मोबाइल पर कॉल लगाने पर उससे सम्पर्क नहीं हो पाया था तथा मोबाइल बंद मिला था। मृतका के बेटे की सूचना पर मंडावली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी थी। बंद घर में महिला का शव मिलने के बाद फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की थी। मृतका के बेटे आसिफ ने पुलिस को बताया था कि उसके पिता आएदिन उसकी मां से झगड़ते रहते थे। आसिफ ने अपने पिता अहमद हसन पर अपनी मां की हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अहमद हसन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया। आरोपी अभी फरार है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगाई गई है।

# माता-पिता की पुण्यतिथि पर गौसेवा करेंगे लाला विवेक

बिजनौर (चिंगारी)। नगर के समाजसेवी एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता लाला विवेक गुप्ता एड. अपनी पूज्य माता जी स्व. कुसुमलता अग्रवाल की द्वितीय एवं पिताजी स्व. आत्मप्रकाश गुप्ता की चतुर्थ पुण्यतिथि गौसेवा के साथ सादगी से मनायेंगे। विवेक गुप्ता एवं श्रीमती नीतू गुप्ता के अनुसार स्व. आत्मप्रकाश गुप्ता स्मृति समिति के तत्वावधान में आयोजित पुण्यतिथि 30 अगस्त को नुमाइश ग्राउंड स्थित कान्हा गौशाला पर गौसेवा भण्डारा एवं सामाजिक प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा, जिसमें प्रातः साढ़े 6 बजे गौपूजन के पश्चात गौभोज, दोपहर 12 बजे श्रद्धांजलि सभा व सायं 6 बजे भव्य गौ आरती का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मेरठ प्रांत गौसेवा गतिविधि प्रचारक श्री पवन हनुमान जी एवं सहसंयोजक श्री सरोज सिंह त्यागी होंगे।





स्व. कुसुमलता अग्रवाल - स्व. आत्मप्रकाश गुप्ता

# सांभर हिरण की वाहन की चपेट में आकर मौत, घंटों शव हाईवे पर पड़ा रहा

नजीबाबाद (चिंगारी)। कोटद्वार मार्ग पर मंगलवार को हाईवे पर एक सांभर हिरण की अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मौत हो गई। सांभर का शव घंटों हाईवे पर पड़ा रहा। वन विभाग की ओर से तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिससे वन विभाग की व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। घटना के बाद कोटद्वार निवासी एक स्कूल के प्रबंधक सुनील चंदोला ने इस पूरे घटनाक्रम को अपने मोबाइल कैमरे में कैद किया, जिससे संवेदनशील वन क्षेत्र से गुजरने वाले इस मार्ग पर वन्य जीव हादसे व वन्य जीवों की सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर स्थिति उजागर हुई। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि समय रहते हाईवे के संवेदनशील हिस्सों पर उचित संकेतक, रिफ्लेक्टर, स्पीड कंट्रोल, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था व रात्रि गश्त जैसी व्यवस्था हो तो काफी हद तक वन्यजीवों के साथ होने वाले हादसे रोके जा सकते हैं।


बिजनौर में खुल गया है

ATHER कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर ATHER

आज ही लायें एथर स्कूटर



बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।

मो. 8192801901

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# धामपुर में सड़क के बीच बनेगा डिवाइडर

## दुर्गा विहार से राजपूताना रिज़ॉर्ट तक सड़क चौड़ीकरण अंतिम चरण में

**मनोज कात्यायन**

**धामपुर ( चिंगारी )।** यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से दुर्गा विहार कॉलोनी से राजपूताना रिज़ॉर्ट तक कराए जा रहे सड़क चौड़ीकरण के बाद अब सड़क के बीच डिवाइडर बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा के प्रयास से कराए जा रहे इस कार्य के तहत मंगलवार को डिवाइडर के लिए सड़क पर निशान लगाने का काम शुरू किया गया। मौसम अनुकूल रहा, तो एक सितंबर से डिवाइडर का निर्माण शुरू होने की संभावना है।

### करीब चार किलोमीटर मार्ग का हो रहा चौड़ीकरण

करीब एक वर्ष पूर्व भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रस्ताव देकर दुर्गा विहार कॉलोनी से राजपूताना रिज़ॉर्ट तक लगभग चार किलोमीटर लंबे मार्ग के चौड़ीकरण और डिवाइडर रोड निर्माण की मांग की थी। प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद प्रदेश सरकार ने इसके लिए धनराशि जारी की थी। लोक निर्माण विभाग नजीबाबाद की देखरेख में सड़क निर्माण का कार्य कराया जा रहा है।



डिवाइडर के लिये सड़क पर निशान लगाते कर्मचारी ।

### 35 पेड़ों के कारण कुछ स्थानों पर काम प्रभावित

सड़क निर्माण के ठेकेदार देवेंद्र सिंह ने बताया कि नाले के निर्माण के साथ सड़क चौड़ीकरण का कार्य लगभग अंतिम चरण में है। मार्ग में करीब 35 पेड़ चौड़ीकरण के कार्य में बाधक बन रहे हैं, जिसके चलते नगीना रोड, पुराना धामपुर चुंगी, शेरकोट चुंगी और सुहागपुर समेत कुछ स्थानों पर कार्य अधूरा है।

उन्होंने बताया कि वन विभाग से मार्ग में आने वाले पेड़ों को हटाने की अनुमति मिल गई है और यह कार्य भी एक सितंबर से शुरू होने की संभावना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क के किनारे खड़े पेड़ों को नहीं हटाया जाएगा, केवल सड़क चौड़ीकरण में बाधा बन रहे पेड़ों को ही काटा जाएगा।

### डिवाइडर में लगेंगी फैंसी लाइटें, होगा पौधारोपण

दुर्गा विहार कॉलोनी से डिवाइडर निर्माण के लिए फर्म के जेई प्रदीप कुमार ने कर्मचारियों के साथ सड़क के बीच लाल निशान लगाने का कार्य शुरू कराया। वहीं, नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ला ने बताया कि डिवाइडर बनने के बाद नगर पालिका की ओर से उसमें फैंसी लाइटें लगाई जाएंगी और पौधारोपण भी कराया जाएगा। इससे मार्ग की सुंदरता बढ़ने के साथ यातायात व्यवस्था में भी सुधार होने की उम्मीद है।

## संस्कृत सम्भाषण शिविर कार्यशाला का समापन



त्रि-दिवसीय संस्कृत सम्भाषण शिविर कार्यशाला का समापन।

**धामपुर ( चिंगारी )।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय, धामपुर में प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान के निर्देशन तथा संस्कृत विभागाध्यक्षा डॉ. अर्चना कुंतल के संयोजन में आयोजित तीन दिवसीय संस्कृत सम्भाषण शिविर एवं शुद्ध वर्ण उच्चारण प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन समारोह संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान, कार्यक्रम संयोजिका डॉ. अर्चना कुंतल एवं शिक्षक मंडल द्वारा संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन करके किया गया। छात्रा माद्री द्वारा संस्कृत मंत्रों द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत किया, जबकि छात्रा अनुष्का राजपूत ने संस्कृत भाषा की शुद्धता, वैज्ञानिकता और सुंदरता पर विचार व्यक्त किए। कु. अनु ने संस्कृत गीत प्रस्तुत किया, कु. शिवांगी व कु. कंचन ने शुद्ध वर्ण उच्चारण और भाषा की व्याकरणिक शुद्धता के महत्व पर विचार रखे। कु. शाहीन ने संस्कृत के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्या डॉ. पूनम चौहान. ने कहा कि, सरल से सरल और कठिन से कठिन भाषा का दर्शन करना हो तो संस्कृत शास्त्र के साहित्य को उठाकर हमें उनका रसास्वादन अवश्य करना चाहिए।

## माही ने ताईक्वांडो प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** एमकेवीएन सीनियर सेकेण्डरी स्कूल कण्वघाटी की कक्षा 12वीं की छात्रा माही ने नार्थ जोन सीबीएसई ताइक्वांडो गर्ल्स चैम्पियनशिप के अंतर्गत आयोजित अंडर 19 प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक प्रकाश कोठारी ने बताया कि यह प्रतियोगिता मूल चन्द एकेडमी नजीबाबाद, उ.प्र. में आयोजित हुई थी। प्रतियोगिता में नार्थ जोन के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 550 खिलाडियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें माही ने अपने वर्ग में शान्दार प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय करते हुए रजत पदक हासिल किया। इस प्रदर्शन के आधार पर माही का सितम्बर माह में होने वाली राष्ट्रीय ताइक्वांडों प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। वहीं माही ने इस प्रदर्शन के लिए विद्यालय प्रबंधन, माता पिता व अपने खेल प्रशिक्षक का आभार व्यक्त किया है।

## आने वाले चुनाव की तैयारी में जुट जायें सपाई : नसीम राणा



**धामपुर ( चिंगारी )।** सपा के पूर्व नगर अध्यक्ष नसीम राणा ने सपा कार्यकर्ताओं से आने वाले 2027 में विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता महंगाई से परेशान है। छोटे व्यापारियों के प्रतिष्ठान बंद होने के कगार पर हैं। चारों तरफ त्राहि-त्राहि मची हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में चीनी 65, लहसुन 170 रुपए किलो, प्याज 60 रुपये किलो हो गई है। रोजमर्रा के मजदूरी करने वालों के बच्चों के पालन पोषण में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले 2027 में विधानसभा के चुनाव में भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकना है। सपा ही सबको एक साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि अब जनता किसी के बहकावे में नहीं आने वाली सब कुछ समझ गई है। और आने वाले 2027 में विधानसभा के चुनाव में सोच समझकर वोट करेगी और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत कर सरकार बनाएगी।

## नहर से रेत व मिट्टी निकालने पर की जायेगी नियमानुसार कार्रवाई : सिंह

**धामपुर ( चिंगारी )।** सिंचाई खंड मुरादाबाद के अधिशासी अभियंता आर पी सिंह ने नंगला भज्जावाला नहर से रेत एवं मिट्टी निकाले जाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए अवैध खनन पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि नहर से रेत अथवा मिट्टी निकालने के लिए किसी भी बैलगाड़ी या ट्रैक्टर-ट्रॉली को विभाग की ओर से कोई अनुमति नहीं है। यदि कोई व्यक्ति नहर से रेत या मिट्टी निकालते हुए पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई कराई जाएगी। आरपी सिंह ने कहा कि नंगला भज्जावाला नहर से दिन और रात में बैलगाड़ियों तथा ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के जरिए रेत-मिट्टी निकाले जाने का मामला अब उनके संज्ञान में आया है। इस पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए अवैध खनन पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जाएगी। अधिशासी अभियंता ने कहा कि यह नहर विभाग की संपत्ति है और बिना अनुमति नहर से मिट्टी अथवा रेत निकालना किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## आरएसएम कॉलेज के 15 छात्रों का प्राविधिक सहायक पद पर चयन

### नियुक्ति पत्र वितरित किये



**धामपुर ( चिंगारी )।** आरएसएम कॉलेज के 15 छात्र-छात्राओं का उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि विभाग में प्राविधिक सहायक (ग्रुप-सी) पद पर चयन होने के बाद उन्हें उनके आवंटित जनपद में नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को उनकी मेरिट के आधार पर जनपद आवंटित किए गए थे। मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से जनपद चयन की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत चयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति आदेश जारी किए गए। इसी क्रम में महाविद्यालय के चयनित छात्र-छात्राओं में विकेंद्र कुमार, उदित त्यागी, सूरज कुमार, शोभित अग्रवाल, किशनपाल सिंह, जिज्ञासा गहलौत, देवेश प्रताप कौशल, योगेश चौहान, नाज़िम अली, आकांक्षा सिंह, कविता लोधी, गगन कुमार, सारिका खान, ललित कुमार एवं विकास कुमार शामिल हैं। इन सभी विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय सफलता पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता किसी भी शिक्षण संस्थान के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि होती है। शिक्षकों ने कहा कि कृषि विभाग में प्राविधिक सहायक के रूप में विद्यार्थियों को अपनी योग्यता और ज्ञान का उपयोग करते हुए किसानों एवं कृषि क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने का अवसर मिलेगा।

# गुलदारों को खूब भा रही बिजनौर की आबोहवा

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** लगता है कि गुलदारों को बिजनौर की आबोहवा खूब रास आ रही है। जिले के हर कौने और लगभग हर गांव में गुलदार देखे जा रहे हैं। गुलदार पिछले 4-5 साल से इंसानों को भी लगातार अपना शिकार बना रहे हैं।

जिले के हर कौने में इस समय गुलदार देखे जाने का शोर मच रहा है। गुलदार कहीं पालतू या निराश्रित पशुओं को अपना निवाला बना रहे हैं, तो कहीं इंसानों पर हमला कर रहे हैं। गुलदारों ने पिछले दिनों तीन दिन के अंदर दो बच्चों की जान ली है। 19 अगस्त की शाम नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम खुशहालपुर मड़का में गुलदार गांव में खेल रहे 7 वर्षीय बच्चे को अपने खूनी जबड़े में दबोचकर ले गया था। अगली सुबह गांव से कुछ दूरी पर बच्चे का खाया हुआ शव मिला था। 21/22 अगस्त की रात्रि में गुलदार नहटौर क्षेत्र के ग्राम मुस्सेपुर से घर के बरामदे में सो रहे ढाई वर्षीय बच्चे को उठाकर ले गया था। बरसात में गुलदारों के हमले ज्यादा बढ़ रहे हैं। पिछले चार वर्षों में गुलदार जिले में 38 इंसानों को अपना शिकार बना चुके हैं। बच्चों पर गुलदारों के हमले लगातार बढ़ रहे हैं। वन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक जिले में लगभग 600 गुलदार हैं। ये अनुमान मात्र ही है, क्योंकि वन विभाग ने गुलदारों की कोई आधिकारिक गणना अभी तक नहीं की है। हालांकि जिस प्रकार जिले में गांव-गांव गुलदार देखे जा रहे हैं, उससे अनुमान लगाया जा रहा है कि जिले में गुलदारों की संख्या 1000 के आसपास है। जिले में सैकड़ों की संख्या में



गुलदार पिंजरों में कैद भी हुए हैं। मगर वन विभाग इधर से पकड़े गुलदारों को उधर छोड़ने का काम करता है। एक रेंज से पकड़े गये गुलदार को दूसरी रेंज में छोड़ दिया जाता है। वन विभाग के पास गुलदारों के हमलों से इंसानों की सुरक्षा करने की कोई प्रभावी योजना नहीं है।

## सतर्कता बहुत ज़रूरी

**बरसात में खेतों में पानी होता है, इसलिये गुलदार खेतों से बाहर ज्यादा दिखाई देते हैं। गुलदार खेतों से बाहर निकलते हैं, तो इंसानों पर उनके हमलों की आशंका भी बढ़ जाती है। गुलदार बच्चों को बहुत जल्दी टारगेट करते हैं। गुलदारों के हमलों के साथ-साथ अफवाहें भी खूब हैं। एआई का इस्तेमाल कर गुलदार को कहीं भी बैठा हुआ दिखा देते हैं और एडिटेड फोटो या वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जाता है। हाल ही में किरतपुर से भी ऐसा मामला सामने आया था। गुलदारों के हमलों से बचने के लिये सतर्कता बहुत जरूरी है। बच्चों को खेतों पर लेकर न जायें, उन्हें खेतों के आसपास खेलने के लिये न जाने दें तथा खेतों पर जायें, तो गर्दन पर कपड़ा बांधकर जरूर जायें।**

**- जय सिंह कुशवाहा, डीएफओ , सामाजिक वानिकी प्रभाग, बिजनौर**

TATA MOTORS COMMERCIAL VEHICLES | Better Always
TATA
INTRA V30 GOLD PICKUP




APPLY FOR VACANCY

- Sales Executives : 2 (Bijnor, Dhampur)
- Receptionist (Female) : 1 (Bijnor)
- Mechanic / Electrician : 2 (Bijnor)
- Cashier : 1 (Bijnor)

Contact - hr.cnsmotors@gmail.com, Ph: 7055501562

CNS Motors Pvt. Ltd. (TATA Motors CV Dealer)
Address: NH-119, Kiratpur Road, Pedda, Bijnor
Branches: Najibabad, Dhampur, Joya (Amroha)
Phone : 8484932387, 8476001007

# चिल्ड्रन्स एकेडमी में हुआ राखी प्रतियोगिता का आयोजन




चिल्ड्रन्स एकेडमी में राखी मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** यहां मुरादाबाद रोड स्थित चिल्ड्रन्स एकेडमी में मंगलवार को राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 3 से 11 तक के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। कक्षा तीन से अरहम, रचित, पार्थ, कक्षा 4 से अर्पित, सिद्धार्थ कक्षा 5 से कुणाल राय, कक्षा 6 से अबू बकर, शशांक, रिद्धि, आकृति यादव, देव, कक्षा 7 से जयंत, सनाया, नैतिक, कक्षा 8 से कार्तिक, परिधि, जिया, नीलगिरी हाउस में कक्षा 3 से अक्षिता, बासु कक्षा 4 से कृष्णा, ध्रुविका कक्षा 5 से दिव्या, समायरा, सानवी, कक्षा 6 से अक्षिता, काव्या यादव, लक्ष्य, कक्षा 7 से प्रेसी, उद्देश्य, गर्वित, कक्षा 8 से ट्विंकल, माधव, मनु, विंध्याचल हाउस में कक्षा 3 से तृप्ति, यसी,लक्षिता कक्षा 4 से हिफजा, रुद्र कक्षा 5 से आरव, पृथ्वी कक्षा 6 से अरविंदर, कनिष्क, शशांक, कक्षा 7 से यशस्वी, वर्णिका, प्रत्यक्ष, कक्षा 8 से अक्षिता, वंश, सियारा, अरावली हाउस में कक्षा 3 से जीविका, भूमि कक्षा 4 से बुशरा, विधि कौशिक कक्षा 5 से श्यान, आराध्या कक्षा 6 से निरंकार, आस्था, अस्मिता, कक्षा 7 से आयुष, सेनू, काव्यांश, कक्षा 8 से कनक, सृष्टि, शिल्पी की राखियां चुनी गईं। प्रतियोगिता का संचालन प्रधानाचार्य अश्वनी शर्मा ने किया। इसमें एक्टिविटी इंचार्ज रचना यादव, राखी आर्य, ख्याति चौधरी, सविता रानी, दीपा रानी, राशी शर्मा एवं निशा कुमारी आदि का सहयोग रहा। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर गौरव गोयल एवं मैनेजर डॉ. प्राज्ञ गोयल उपस्थित रहे। विद्यालय के चेयरमैन सत्यवीर गुप्ता ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पाशा ने किया पुलिस अधीक्षक का स्वागत



**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष व सामान्य लोकसभा चुनाव 2024 के ब्रांड एंबेसडर/सदस्य जिला स्तरीय समिति एमआर पाशा व संगठन के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक का शॉल ओढ़ाकर व गुलदस्ता देकर स्वागत किया। पाशा ने पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की कार्य करने की शैली की प्रशंसा की। पाशा ने एसपी को दिव्यांगों की समस्याओं से अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा। इस मौके पर शहजाद गोविंदपुर वाले, नकुल कुमार, सुशील कुमार, शाह आलम, मोहम्मद इकराम, मोहम्मद आजम, मास्टर अफजल, नसीम अहमद, सनावर, अनुज वर्मा आदि मौजूद रहे।

# असहाय लोगों के लिए उम्मीद की किरण हैं शोएब राणा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** समाज सेवा की भावना जब दिल में हो, तो इंसान दूसरों के जीवन में उम्मीद का उजाला ला सकता है। ऐसा ही एक सराहनीय कार्य बिजनौर जिले में देखने को मिल रहा है, जहां युवा समाजसेवी शोएब राणा लगातार जरूरतमंदों और गरीब परिवारों के लिए संबल बने हुए हैं। हाल ही में उन्होंने शहर के विभिन्न इलाकों में कई गरीब और असहाय परिवारों को मुफ्त राशन व ताजा भोजन वितरित किया। शोएब राणा पिछले 3 सालों से वेलफेयर फाउंडेशन के माध्यम से लगातार जनसेवा के कार्यों में समर्पित हैं। चाहे कड़ाके की ठंड में गर्म कपड़ों और कंबलों का वितरण हो या फिर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को भोजन और स्वास्थ्य संबंधी सहायता पहुंचाना, शोएब



राणा की टीम हमेशा जमीनी स्तर पर तत्पर रहती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि शोएब राणा केवल एक नाम नहीं, बल्कि बिजनौर के असहाय लोगों के लिए उम्मीद की एक किरण बन चुके हैं। उनकी यह समाज सेवा युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। एमएस वेलफेयर फाउंडेशन के जरिए उनका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि जिले में कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए और हर जरूरतमंद तक बुनियादी सहायता पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान कई लाभार्थी परिवारों के चेहरे पर खुशी और संतोष देखा गया। शोएब राणा ने इस मौके पर कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और जब तक हम समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता नहीं पहुंचा पाते, हमारा प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

# राखी केवल एक धागा नहीं यह एक जिम्मेदारी है, एक वादा है

इस वर्ष रक्षाबंधन का पर्व 28 अगस्त 2026 दिन शुक्रवार को मनाना शुभ है।

### शुभ मुहूर्त और समय

राखी बांधने का मुख्य समय सुबह 5:57 से सुबह 9:48 बजे तक।

अभिजीत मुहूर्त (यह भी शुभ है ) दोपहर 12:14 से दोपहर 1:05 बजे तक।

### मनाने की विधि :

सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और साफ वस्त्र पहनें। भगवान की पूजा करें और भाई की लंबी उम्र व सफलता की कामना करें। थाली में रोली, अक्षत, दीपक, मिठाई और राखी सजाएं। भाई को पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके बैठाएं। भाई के माथे पर तिलक लगाएं, अक्षत लगाएं और दाहिने हाथ पर राखी बांधें। भाई की आरती उतारें और उसे मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराएं। भाई अपनी बहन को कुछ उपहार प्रदान करें।



### मुख्य संदेश और मूल्य :

पारस्परिक सुरक्षा- कलाई पर बंधा धागा केवल एक धागा नहीं, बल्कि संकट के समय एक-दूसरे का साथ निभाने का वादा है। नैतिक जिम्मेदारी यह सिखाता है कि हम अपने परिवार के साथ-साथ समाज और प्रकृति के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी समझें। प्रेम और विश्वास- यह रिश्ता जात-पात और दूरियों से ऊपर उठकर अटूट स्नेह और विश्वास का प्रतीक है। मानवीय कल्याण- दुनिया में जहां भी किसी को मदद या सुरक्षा की जरूरत हो, उसके पक्ष में खड़े होने की प्रेरणा देता है।

### राजा बलि और माता लक्ष्मी की कथा-

रक्षा बंधन से जुड़ी कई पौराणिक और ऐतिहासिक कथाएं प्रचलित हैं, जिनमें राजा बलि और माता लक्ष्मी की कथा महत्वपूर्ण है।

भगवान विष्णु ने वामन अवतार लेकर असुर राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी थी। भगवान ने दो पगों में सारा आकाश और पृथ्वी नाप ली तथा तीसरा पग राजा बलि के सिर पर रखा। बलि की भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने पाताल लोक में उनके द्वारपाल बनना स्वीकार किया। पति को वापस बैकुंठ लाने के लिए माता लक्ष्मी पाताल लोक गईं और राजा बलि को राखी बांधकर उन्हें अपना भाई बनाया। बलि ने प्रसन्न होकर उपहार मांगने को कहा, तब माता लक्ष्मी ने भगवान विष्णु को मांग लिया।



-आचार्य विनोद गोस्वामी
ज्योतिषज्ञ, वास्तुविद
462,आवास विकास
बिजनौर



नवागत कप्तान का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत करते किसान।

## नवागत कप्तान के.के. बिश्नोई से मिले किसान, किया अभिनंदन सम्मान

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन कृषि क्रांति अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष विमल कुमार के नेतृत्व में नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई से मिलकर उन्हें नवीन दायित्व की शुभकामनाएं देते हुए उनका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में जनपद बिजनौर में कानून का राज अधिक मजबूत होगा तथा आमजन को न्याय एवं सुरक्षा का बेहतर वातावरण मिलेगा। इस अवसर पर एसपी ने किसानों को आश्वस्त किया कि वह किसानों व मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए हरसंभव सहयोग करेंगे। जनपद में किसी भी किसान या मजदूर का शोषण कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा पीड़ित व्यक्ति को न्याय दिलाने के लिए निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## गायत्री साधकों ने भगवान शिव का किया जलाभिषेक

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद पर श्रावण मास के अंतिम सोमवार को गायत्री साधकों ने 24 तीर्थों के पवित्र जल व गंगाजल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। ओम नमः शिवाय व महामृत्युंजय मंत्र के सवा लाख जप के साथ भगवान शिव की आरती की। ओम जय शिव ओंकारा-हर शिव ओंकारा आरती व शंखनाद से वातावरण शिवमय हो गया। गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि भगवान शिव सर्वत्यागी हैं, सर्वशक्तिमान होते हुए भी सादगी से रहते हैं। भगवान शिव के भक्तों को भी न्यूनतम में निर्वाह करते हुए अपनी धन संपदा, प्रतिभा को समाज के लिए लगाना चाहिए। भगवान शिव के गण भूत-पिशाच सभी वर्गों से हैं। भगवान शिव के मस्तक पर त्रिनेत्र विवेक, गंगा ज्ञान प्रवाह, चंद्रमा शीतलता का प्रतीक हैं। कार्यक्रम में हरीश शर्मा, लोकपाल सिंह, सुमन वर्मा, निशांत, योगेश, अंजुरानी, रीना, रिंकी, नीलम, मोहित आदि ने भाग लिया।



## ताईक्वांडो प्रतियोगिता में छात्राओं ने किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन


**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के कोटद्वार मार्ग स्थित मूलचंद अकादमी में आयोजित बालिका ताइक्वांडो प्रतियोगिता के तीसरे दिवस छात्राओं द्वारा अपनी प्रतिभा शानदार ढंग से प्रदर्शित की गई। विवरण अंडर 17 30-32 में स्वर्ण पदक त्रिशा राय (गायत्री पब्लिक स्कूल), रजत पदक आराध्या अग्रवाल (सामवेद गुरुकुलम गर्ल्स सैनिक स्कूल), कांस्य पदक आयुषी कुमारी (आरआर पब्लिक स्कूल), दूसरा कांस्य पदक एल्फिया (मूलचंद अकादमी नजीबाबाद) की विजेता रही। अंडर 19 में 42-44 स्वर्ण पदक आयुषी शाही (आरएएन पब्लिक स्कूल), रजत पदक पलक (पुलिस मॉडर्न स्कूल), कांस्य पदक त्रिष्ठा त्रिपाठी (लोटस वैली व इंटरनेशनल स्कूल), दूसरा कांस्य पदक (श्रेय वनस्थली पब्लिक स्कूल) की विजेता रही। प्रतियोगिता सीबीएसई ऑब्जर्वर पूर्णेंदु कुमार झा, अंकुर चैधरी। निर्णायक अविनाश कुमार के सानिध्य व निर्देशन में हुई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अनिल चौहान एडवोकेट, प्रधानाचार्या श्रीमती ममता सिंह व विद्यालय का सभी अध्यापक वर्ग उपस्थित रहा। सभी ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।



## साल की आखिरी फरलो भी ली राम रहीम ने, 21 दिन के लिए आया जेल से बाहर

### सुबह छह बजे हनीप्रीत पहुंची थी लेने

**रोहतक ( एजेंसी/चिंगारी )।** सुनारिया जेल में सजा काट रहा राम रहीम मंगलवार सुबह 17वीं बार 21 दिन की फरलो पर बाहर आ गया। यह उसकी साल की आखिरी फरलो है। सुबह छह बजे टोयोटा लैंड क्रूजर में हनीप्रीत व अन्य के साथ सिरसा के लिए रवाना हुआ। इससे पहले 27 मई को रामरहीम को एक माह की पैरोल मिली थी। यह अवधि सिरसा डेरे में बिताई थी। पंचकूला स्थित सीबीआई की विशेष अदालत ने 2017 में साध्वी यौन उत्पीड़न केस में राम रहीम को दोषी माना था, तभी से वह सुनारिया जेल में बंद है। सोमवार को प्रदेश सरकार ने उसकी 21 दिन की फरलो मंजूर की। देर रात मुख्यालय से जेल अधीक्षक के पास कागजात पहुंच गए। कड़ी सुरक्षा में रामरहीम का काफिला सिरसा के लिए रवाना हुआ। हिसार आउटर बाईपास पर जेल रोड मोड़ पर पुलिस की टीम तैनात रही।



### 15 अगस्त को था राम रहीम का जन्मदिन, सिरसा में बड़े कार्यक्रमों की तैयारी

राम रहीम के अगस्त माह में बाहर आने को उसके जन्मदिन से भी जोड़कर देखा जा रहा है, उसका जन्मदिन 15 अगस्त को होता है। डेरा सच्चा सौदा में इस अवधि को लेकर पहले से ही तैयारियां की जा रही थीं। अब उसके डेरे में पहुंचने के बाद बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाने की संभावना है। डेरा अनुयायियों में भी इसे लेकर उत्साह है।

### साध्वियों से यौन शोषण मामले में काट रहा 20 साल की सजा

गुरमीत राम रहीम को अगस्त 2017 में पंचकूला की विशेष सीबीआई अदालत ने डेरा सच्चा सौदा की दो साध्वियों से दुष्कर्म के मामले में दोषी ठहराया था। 28 अगस्त 2017 को अदालत ने दोनों मामलों में 10-10 साल की सजा सुनाई थी। दोनों सजाएं लगातार चलने के आदेश के कारण उसे कुल 20 साल की सजा भुगतनी है। इसी मामले में वह रोहतक की सुनारिया जेल में बंद है। इसके अलावा राम रहीम को पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड और डेरा प्रबंधक रणजीत सिंह हत्याकांड में भी दोषी ठहराया जा चुका है। हालांकि मार्च 2026 में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में उसे बरी कर दिया था। इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में मामला पहुंचा है।

### 2017 में सजा के बाद लगातार मिलती रही अस्थायी रिहाई

2017 में जेल जाने के बाद से राम रहीम को कई बार पैरोल और फरलो मिल चुकी है। 2020 से अब तक उसकी अस्थायी रिहाई की संख्या 17 हो चुकी है। इससे पहले मई 2026 में उसे 30 दिन की पैरोल मिली थी, जो उसकी 16वीं अस्थायी रिहाई थी। अब अगस्त 2026 में 21 दिन की फरलो के साथ वह 17वीं बार जेल से बाहर आया है। राम रहीम को इससे पहले अप्रैल 2025 में भी 21 दिन की फरलो मिली थी। उस समय वह रोहतक की सुनारिया जेल से निकलकर सिरसा पहुंचा था। राम रहीम की बार-बार होने वाली अस्थायी रिहाई को लेकर पहले भी राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों की ओर से सवाल उठते रहे हैं। इस बार 21 दिन की फरलो के दौरान वह जन्मदिन माह में डेरा सच्चा सौदा में रहेगा, जहां उसके अनुयायियों की ओर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने की तैयारियां पहले से चल रही हैं।

# बच्चा चोरी के शक में भिखारियों को पीटा



**स्योहारा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव में दो भीख मांगने वालों पर बच्चा चोरी का आरोप लगाकर गांव वालों ने पीटाई कर दी। मौके पर पहुंच पुलिस ने दोनों को बचाया। मगंलवार की शाम लगभग 6 बजे दो व्यक्ति गांव मलकपुर बुढेरन में भीख मांग रहे थे। घर से दुकान पर सुई लेने गयी 6 वर्षीय अनम पुत्री अवरार दोनों को देखकर डर गयी और भागती हुई घर पहुंच गयी। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर उसका चाचा सलमान अनम को लेकर भीख मांग रहे व्यक्तियों के पास पहुंचा और मारपीट शुरू कर दी, जिसके बाद अन्य लोग भी घटना स्थल पर जमा हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो को छुड़वाया और थाने लेकर पहुंची। जांच में सामने आया कि दोनों जगपाल पुत्र सियाराम व खचेड़ू पुत्र रग्गू गांव टांडा आजम, थाना गदरपुर, जिला उधम सिंह नगर उतराखंड के निवासी हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दोनों के अपराधिक इतिहास खंगाल रही है।

# शिक्षकों ने किया प्रेस क्लब के नवनियुक्त अध्यक्ष का स्वागत



## शिक्षकों के सम्मान को भूला पाना संभव नहीं- सतीश शर्मा

**धामपुर ( चिंगारी )।** आज भगत सिंह चौक पर शिक्षकों एवं आदर्श समायोजित शिक्षक-शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से धामपुर प्रेस क्लब पंजीकृत के नवनियुक्त अध्यक्ष सतीश शर्मा का माल्यार्पण कर गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर सतीश शर्मा ने कहा कि शिक्षकों, शिक्षामित्रों की ओर से उन्हें जो सम्मान, प्रेम और स्नेह आशीर्वाद के रूप में प्राप्त हुआ है, वह कभी नहीं भूल सकते, सदैव स्मरणीय रखेंगे। उन्होंने भरोसा दिया कि वह हर वर्ग के लोगों की समस्या को दमदार तरीके से बुलंद कर शासन और प्रशासन तक पहुंचाने का प्रयास करते रहेंगे। जिला अध्यक्ष सुधीर चौहान के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिक्षक धामपुर में भगत सिंह चौराहे पर एकत्र हुए और प्रेस क्लब पंजीकृत के अध्यक्ष सतीश शर्मा का गर्मजोशी के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर जिला संगठन मंत्री केशव त्यागी, जिला प्रवक्ता बबीता शर्मा, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा मीनाक्षी चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष नहटौर जैनेंद्र कुमार, महामंत्री ओंकार सिंह, ब्लॉक संरक्षक शरद त्यागी, ब्लॉक मीडिया प्रभारी टीकम सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष परविंदर सिंह, जिला उपाध्यक्ष उदयवीर सिंह चौहान, कमल वीर सिंह, राजेंद्र सिंह, अमित प्रताप सिंह, सुधीर चौधरी, पवन चौहान, पंकज कुमार शर्मा, आदित्य भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

धमाका धमाका धमाका

पुरानी के बदले **नयी** केवल आधे पैसों में

कोई भी कान की पुरानी मशीन

कमर की कोई भी पुरानी बैल्ट ( दर्द के लिए या ऑप्रेशन के बाद )

कोई भी Knee Cap ( घुटनों पर चढ़ाने वाली पट्टी )

**कोई भी शुगर चैक करने की पुरानी मशीन लायें और नई ले जायें**

हमारें यहाँ बड़े व्यक्तियों के लिए डायपर (Adult Diapper) लेटरिन कुर्सी, स्टूल व पोट, यूरिन पोट, व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकर, सिकाई करने वाली बोतल, गरम पट्टी (Crape Bandage), Knee Cap, बेल्ट कमर दर्द के लिए, कॉलर, गले के लिए, Dextrose की बोतल, ऑप्रेशन के बाद बंधने वाली बेल्ट, हरनिया बेल्ट, Anti Dandruff Shampoo, Hand Sanitizer, हाथ धोने के लिए (Cotton, Bandage, Glycerin), मरीजों के लिए (Air Bed, Water Bed) आदि सभी सर्जिकल सामान थोक के उचित मूल्यों पर मिलते है। **पुरानी मशीन की रिपेयर भी होती है।**

**गोयल मेडिकल स्टोर**

नवयुग मार्केट, निकट रोहित होटल, बिजनौर

फोन - 9411012482, 8273387326

**नौकरी के लिये युवक-युवतियां सम्पर्क करें।**



# बंधन स्वच्छता का..

## नगर पालिका ने आयोजित किया जागरुकता कार्यक्रम

**स्योहारा ( चिंगारी )।** स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के अंतर्गत रक्षाबंधन के अवसर पर चलाए जा रहे 'बंधन स्वच्छता का' अभियान के अनुपालन में नगर पालिका परिषद द्वारा बिडला गर्ल्स इंटर कॉलेज एवं आरएसपी इंटर कॉलेज में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने रिसाइकल मेटेरियल द्वारा राखियां बनाई। बच्चों ने स्रोत पर कचरा पृथक्करण, चार बिन सिस्टम (गीला कचरा-हरा, सूखा कचरा-नीला, सैनिटरी कचरा-लाल तथा विशेष देखभाल अपशिष्ट-काला बिन), प्लास्टिक के नुकसान तथा Reduce, Reuse, Recycle (आरआरआर) के महत्व पर जानकारी दी। सफाई मित्रों को राखी बांधकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बिड़ला कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या शील सिंह, आरएसपी इंटर कॉलेज प्रधानाचार्या मधुबाला शर्मा व नगर पालिका स्टाप मौजूद रहा।

# कैप्टन गहलौत पब्लिक स्कूल में हुई राखी मेकिंग प्रतियोगिता



**हल्दौर ( चिंगारी )।** कैप्टन ए.वी.एस. गहलौत पब्लिक स्कूल, हल्दौर में रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में राखी मेकिंग गतिविधि एवं प्रतियोगिता का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। नर्सरी से यूकेजी तक के विद्यार्थियों ने विद्यालय में राखी मेकिंग गतिविधि में भाग लिया, जबकि कक्षा 1 से 6 तक के विद्यार्थियों ने अपने घर से सामग्री लाकर स्वयं सुंदर एवं आकर्षक राखियां तैयार कीं। सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मकता और कला-कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिससे विद्यालय का वातावरण उत्साह एवं उमंग से भर गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट नवीन कुमार एवं प्रधानाचार्या श्रीमती शालिनी चौधरी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों के रचनात्मक प्रयासों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के शिक्षकों ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

# परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत



**हल्दौर ( चिंगारी )।** गहलौत फार्मेसी कॉलेज हल्दौर के डी.फार्मा.में प्रविधिक शिक्षा परिषद, लखनऊ की मुख्य परीक्षा का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। प्रथम वर्ष में छात्र शोभित चौधरी ने 70 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। कु.स्वीटी ने 69.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कालेज में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अक्षत कुमार और अर्श अहमद ने 68.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में तृतीय स्थान प्राप्त किया। गहलौत फार्मेसी कॉलेज हल्दौर के सभी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर गहलौत चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन उमेशचन्द्र गहलौत एवं सचिव अशोक कुमार गहलौत ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्या डॉ. पंकज सिंह व सहायक प्रोफेसर भूमिका लोईवाल ने सभी की मेहनत की प्रशंसा की।

# एमएससी गणित में हल्दौर डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने हासिल किए उत्कृष्ट स्थान



**हल्दौर ( चिंगारी )।** हल्दौर डिग्री कॉलेज की एमएससी गणित की छात्राओं ने उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्राप्त परिणाम के अनुसार वंशिका रानी ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अदीबा राजपूत ने 76 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सलोनी, ज़हूर सबा एवं एकांकी ने 75-75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। छात्राओं की इस शानदार उपलब्धि पर कॉलेज चेयरमैन डॉ.अनुज कुमार ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी सफल छात्राओं को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्राओं की मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास का परिणाम है। प्राचार्य डॉ. योगेंद्र त्यागी ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एमएससी गणित में विद्यार्थियों का यह उत्कृष्ट प्रदर्शन महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। वहीं एमएससी गणित विभागाध्यक्ष डॉ. लक्ष्य कुमार ने छात्राओं की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि छात्राओं की यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।



# 44 नवचयनित प्राविधिक सहायकों को मिले नियुक्ति-पत्र



**बिजनौर ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के नवचयनित प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इसी क्रम में बिजनौर कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में प्रशासक जिला पंचायत साकेन्द्र प्रताप सिंह एवं जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जिले के 44 नवचयनित प्राविधिक सहायकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। प्रदेश भर में कुल 1,600 नवचयनित प्राविधिक सहायकों को नियुक्ति-पत्र दिये गये। इस दौरान लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया।

### चीनी का पर्याप्त स्टॉक, नये पेराई सत्र से बढ़ेगा उत्पादन

**मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में चीनी की मासिक खपत करीब चार लाख टन है, जबकि वर्तमान में 28 लाख टन चीनी का स्टॉक उपलब्ध है। प्रदेश में चीनी की कोई कमी नहीं है। नये पेराई सत्र के शुरू होने के बाद चीनी का उत्पादन और बढ़ेगा।**

### ईमानदारी से दायित्व निभाएं नवचयनित प्राविधिक सहायक

प्रशासक जिला पंचायत साकेन्द्र प्रताप सिंह ने नवचयनित प्राविधिक सहायकों का आह्वान करते हुए कहा कि वे कृषि क्षेत्र में नये आयाम स्थापित करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए सभी को अपने-अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, उप कृषि निदेशक डॉ. घनश्याम वर्मा, जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं नवचयनित प्राविधिक सहायक मौजूद रहे।

धारा मोटर फाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# तटबंध बना दो..चलो मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा- स्वामी ओमवेश

## ग्रामीणों का धरना जारी



**चांदपुर ( चिंगारी )।** गंगा किनारे तटबंध बनाए जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा दिया जा रहा धरना आज 7वें दिन भी जारी रहा। विधायक स्वामी ओमवेश भी धरना स्थल पर पहुंचे।

मंगलवार को धरना स्थल पर करन सिंह चौहान की अध्यक्षता एवं गजब सिंह के संचालन में आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए विधायक स्वामी ओमवेश ने बताया कि उन्होंने गंगा किनारे तटबंध बनाए जाने की मांग कम से कम 15 बार विधानसभा में उठाने के साथ ही 10 बार मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उनसे खादर क्षेत्र में बाढ़ की रोकथाम के लिए गंगा किनारे तटबंध बनाए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि कुछ लोग सोचते हैं कि बास्टा रोड व गंगा तटबंध बन जाने से स्वामी ओमवेश विधायक बन जाएगा, उन्होंने कहा कि उन्होंने पहले भी कहा और अब भी कह रहे तटबंध बना दो, वे चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि वे तो प्रयास कर सकते हैं, तटबंध बनाना तो सरकार का काम है। उन्होंने कहा कि विकास के लिए विरोध नहीं सहयोग करना चाहिए, विकास कार्यों का विरोध करने वाले जनता के दुश्मन हैं। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि वे विधानसभा में तटबंध बनाए जाने की मांग पुन: उठाएंगे।

मंगलवार को रविन्द्र त्यागी, रवि धारीवाल, करतार सिंह, शिव कुमार व कृष्ण कुमार धरने पर बैठे। धरने पर बैठने वालों में सुरेश कश्यप, शिवकुमार शास्त्री, राहुल सिंह, करतार सिंह प्रधान, अलबेल सिंह, सोमवती सिंह, शेर सिंह, रविन्द्र त्यागी, निखिल त्यागी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

# प्रबल हत्याकांड: अब एक सितंबर को होगी सुनवाई

**बिजनौर ( चिंगारी )।** चर्चित प्रबल हत्याकांड में सात दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद 13 अन्य लोगों को आरोपी बनाए जाने की मांग को लेकर दाखिल पुनरीक्षण याचिका पर हाईकोर्ट में होने वाली सुनवाई कल नहीं हो पाई। सुनवाई के लिए अब एक सितंबर नियत की गई है। पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता अहमद जकावत के अनुसार, घटना की प्रारंभिक तहरीर में पांच लोगों के नाम थे। बाद में प्रार्थना पत्र के माध्यम से 13 अन्य लोगों के नाम भी पुलिस को दिए गए थे। पुलिस ने विवेचना के दौरान इनमें से कुछ नामों को शामिल किया, लेकिन बाद में उन्हें जांच से बाहर कर दिया। इसके बाद एक बाल अपचारी समेत आठ आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया गया, जबकि बाद में सात आरोपियों को दोषी ठहराते हुए अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। 13 लोगों को आरोपी बनाने की मांग को लेकर पहले बिजनौर की अदालत में प्रार्थना-पत्र दिया गया था, जिसे खारिज कर दिया गया। इसके बाद मृतक प्रबल की बहन प्राची अग्रवाल ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख किया था। इस पुनरीक्षण याचिका पर मंगलवार को हाईकोर्ट में सुनवाई होनी थी। लेकिन केस की अधिकता होने की वजह से सुनवाई नहीं हो सकी। अब एक सितंबर की तारीख तय की गई है। माना जा रहा है कि यदि अदालत याचिका स्वीकार करती है तो प्रबल कांड से जुड़े उक्त 13 लोगों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

# पूर्व सैनिकों ने किया नवागत एसपी का स्वागत



**बिजनौर ( चिंगारी )।** महात्मा विदुर पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश कि समस्त कार्यकारिणी ने नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार का गुलदस्ते देकर भव्य स्वागत किया। महात्मा विदुर पूर्व सैनिक संगठन बिजनौर ने जिले में नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक को उनके कार्यालय में पहुंचकर एक प्रतीक चिन्ह और गुलदस्ता देकर भव्य स्वागत किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सैनिकों को आश्वासन किया गया कि आपकी समस्या का समाधान प्राथमिकता के तौर पर किया जाएगा। पूर्व सैनिक उनका परिवार हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष अरविंद लांबा, खासपुरा निवासी संरक्षक यशपाल सिंह, महासचिव नरेश कुमार, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार, उपाध्यक्ष चंद्रभान सिंह,खिलेंद्र सिंह,मुनेंद्रपाल सिंह, रेसपाल सिंह, सूरजमल, वीरेंद्र सिंह, गोपाल शरण, प्रमोद कुमार, हरिओम सिंह, सौवीर सिंह, रेशपाल सिंह, प्रमोद कुमार, संजीव चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# यूजीसी कानून को समाप्त करने की मांग

## आरक्षण आर्थिक आधार पर दिया जाये



**चांदपुर ( चिंगारी )।** ब्राह्मण विकास सेवा समिति ने यूजीसी को काला कानून बताते हुए इसको वापस लिए जाने तथा आरक्षण को जाति के स्थान पर आर्थिक स्थिति के आधार पर दिये जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम उपजिलाधिकारी चांदपुर को ज्ञापन दिया।

मंगलवार को समिति के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णवीर शर्मा फौजी व प्रदेश महामंत्री नीरज तिवारी एडवोकेट के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि सरकार द्वारा सामान्य वर्ग के खिलाफ लाये गये यूजीसी के काले कानून को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाए तथा साथ ही आरक्षण व्यवस्था जाति के आधार पर न होकर आर्थिक स्थिति के आधार पर होना चाहिए ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग को आरक्षण का लाभ मिल सके। ज्ञापन देने वालों में कृष्ण वीर फौजी, नीरज तिवारी एडवोकेट, संजीव शर्मा एडवोकेट, डॉ. विनोद शर्मा,अजय शर्मा एडवोकेट, कुलदीप सिंह एडवोकेट,नागेश्वर एडवोकेट, डा. विनोद कुमार शर्मा, नंदकुमार शर्मा, नंद कुमार पांडेय, सचिन एडवोकेट, धर्मवीर सिंह एडवोकेट आदि शामिल थे।

# छात्र का शव घर में लटका मिला

## सहपाठी पर आत्महत्या के लिये उकसने का आरोप

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के ग्राम ककराला में मंगलवार को 13 वर्षीय छात्र का शव घर के कमरे में फंदे पर लटका हुआ मिला। परिजनों ने छात्र के सहपाठी पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए खूब हंगामा किया और शव नहीं उठने दिया। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने परिजनों और ग्रामीणों को समझाया कर शव को अंतिम परीक्षण के लिए भेज दिया तथा आरोपी युवक के विरुद्ध संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। क्षेत्र के गांव ककराला निवासी मानसिंह सैनी का 13 वर्षीय पुत्र मोहित सैनी जनता इंटर कॉलेज महुआ में कक्षा आठ का छात्र था। परिजनों के अनुसार मंगलवार को मोहित का गांव के ही रहने वाले कपिल से स्कूल में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसके बाद स्कूल से घर आते समय रास्ते में भी दोनों के बीच विवाद होने की बात सामने आई है। बताया गया कि कपिल की मां शिकायत करने मोहित के घर पहुंची थी। मोहित के परिजन जंगल चले गए। लौटकर आने पर उन्होंने मोहित को कमरे में फंदे पर लटका देखा। पुलिस ने मृतक के सहपाठी कपिल निवासी ककराला के विरुद्ध संबंधित धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्य वाही प्रारंभ कर दी है।

# भारतीय संस्कृति में गुरु का सर्वोच्च स्थान

## गुरू वंदन कार्यक्रम



कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये श्री सुरेन्द्र प्रकाश भटनागर।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, बिजनौर प्राथमिक संवर्ग के तत्वावधान में ब्लॉक संसाधन केंद्र जमालपुर पठानी में गुरु वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारतीय संस्कृति में गुरु के महत्व, गुरु-शिष्य परंपरा की गौरवशाली विरासत तथा विद्यार्थियों में नैतिक एवं सामाजिक मूल्यों के विकास के प्रति शिक्षकों को जागरूक करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेंद्र प्रकाश भटनागर ने की। मुख्य वक्ता हरपाल तथा जिला अध्यक्ष दिग्विजय सिंह मंचासीन रहे। कार्यक्रम में संगठन से जुड़े शिक्षक एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्य वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सदैव सर्वोच्च रहा है। गुरु केवल पुस्तकीय ज्ञान देने वाला व्यक्ति नहीं होता, बल्कि वह अपने शिष्य के व्यक्तित्व का निर्माण करता है। गुरु अपने ज्ञान, अनुभव, संस्कार और मार्गदर्शन के माध्यम से विद्यार्थियों को जीवन की चुनौतियों का सामना करने तथा सही और गलत के बीच अंतर समझने की क्षमता प्रदान करता है। एक अच्छे गुरु का प्रभाव विद्यार्थी के जीवन पर लंबे समय तक बना रहता है। वक्ताओं ने कहा कि आज के बदलते सामाजिक परिवेश में बच्चों को केवल शैक्षिक ज्ञान देना ही पर्याप्त नहीं है। उन्हें नैतिक शिक्षा, अनुशासन, संस्कार, संवेदनशीलता, सहयोग, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र प्रेम जैसे मूल्यों से जोड़ना भी आवश्यक है। शिक्षक इस कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम में जिला मीडिया प्रभारी अरुण उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष जयदीप मलिक, कामेश्वरी देवी, जिला महामंत्री अमर सिंह, सनी चौहान, सुमित बंसल, नकुल चौधरी, जिला संगठन मंत्री विष्णु कुमार, रितेश भटनागर, राजीव गोस्वामी, अंकुर, छाया मलिक, रूपाली सिंह, शैली शर्मा, मेघा गर्ग, राखी जैन, धनवती, सुधा रानी, श्वेता रस्तोगी, कमल नारायण सिंह, राघवेंद्र भारद्वाज, यतीश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने खास मुहिम चलाई एक वारंटी को पकड़ लाई

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** एसपी कृष्ण कुमार की हिदायत पर वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अफजलगढ़ पुलिस ने मंगलवार को खास मुहिम चलाई। मुहिम के दौरान पुलिस ने मारपीट, गाली-गलौज और दूसरी संबंधित धाराओं के मुकदमे में वांछित चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जरूरी कानूनी कार्रवाई के बाद मुल्जिम को अदालत में पेश कर दिया। प्रभारी इंस्पेक्टर मृदुल कुमार और हल्का प्रभारी शोम त्यागी की कयादत में पुलिस टीम ने थाना इलाके में वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए मुहिम चलाई। इस दौरान पुलिस ने गांव भागीजोत निवासी जयप्रकाश पुत्र सुकवा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक मुल्जिम के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और दूसरी संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज था। वह अदालत से जारी वारंट के तहत वांछित चल रहा था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर मृदुल कुमार ने बताया कि वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए यह मुहिम आगे भी जारी रहेगी। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में हल्का प्रभारी शोम त्यागी, कांस्टेबल कृष्ण राणा समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# अब्दुल कय्यूम राईन का स्वागत किया



**नगीना ( चिंगारी )।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री अब्दुल कय्यूम राईन को पार्टी द्वारा उज्ज्वला योजना विभाग का नगीना विधानसभा प्रभारी मनोनीत किए जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। मंगलवार रात भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में अब्दुल कय्यूम राईन का फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।इस दौरान अब्दुल कय्यूम राईन ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। वह उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों से संपर्क कर उनकी समस्याओं को जानेंगे तथा पात्र लोगों को योजना का लाभ दिलाने के लिए प्रयास करेंगे।कार्यक्रम में पूर्व विधायक सतीश गौतम, डॉ. भूपेश चौहान, पंडित सचिन शर्मा, सोहन सैनी, सभासद कपिल पवार,पूर्व जिला उपाध्यक्ष कृष्ण बलदेव सिंह, डॉ. आमलगीर काजमी सहित भाजपा के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने अब्दुल कय्यूम राईन को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

# सिविल लाइंस में टूटे नाली के पट बने मुसीबत, राहगीरों को आवाजाही में परेशानी



**बिजनौर ( चिंगारी )।** सिविल लाइंस स्थित रोहित होटल वाली गली में नाली पर बने पट टूट जाने के कारण लोगों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि इस गली से दिन भर में सैकड़ों लोग गुजरते हैं। यहां आसपास मेडिकल स्टोर होने के कारण मरीजों और उनके तीमारदारों का आना-जाना लगा रहता है साथ ही रोहित होटल में आने-जाने वाले ग्राहकों को भी टूटी हुई नाली के कारण परेशानी उठानी पड़ रही है। टूटे हुए पटों से कभी भी कोई बड़ा हादसा होने का खतरा बना हुआ है। दुकान स्वामियों संजीव शर्मा, नाहर सिंह, हितेश शर्मा, सचिन अग्रवाल, सुमित शर्मा ने नगर पालिका परिषद से मांग की है कि जनहित को देखते हुए नाली पर टूटे हुए पटों को जल्द से जल्द ठीक कराया जाए, ताकि लोगों को आवाजाही में हो रही परेशानी से निजात मिल सके।

# कालोनी में प्लॉट खरीद रहे हैं तो यह पता जरूर कर लें!

**नहटौर ( चिंगारी )।** यदि आप किसी नई कॉलोनी में प्लॉट या जमीन खरीदने का मन बना रहे हैं, तो खरीदने से पहले वहां की मूलभूत सुविधाओं की पड़ताल जरूर कर लें। विशेषकर यह जांचना बेहद जरूरी है कि कॉलोनी का विद्युतीकरण (बिजली ढांचा) नियम अनुसार कराया गया है या नहीं। लापरवाही बरतने पर भविष्य में बिजली कनेक्शन लेने के लिए जेब ढीली करनी पड़ सकती है। विद्युत निगम नहटौर के उपखंड अधिकारी (एसडीओ) अखिलेश त्रिपाठी ने उपभोक्ताओं को सचेत करते हुए बताया कि अक्सर देखने में आता है कि लोग कॉलोनाइजर के झांसे में आकर बिना जांच-पड़ताल के प्लॉट खरीद लेते हैं। यदि कॉलोनी का स्वीकृत विद्युतीकरण नहीं हुआ है, तो बाद में नया बिजली कनेक्शन लेने में न केवल तकनीकी दिक्कतें आती हैं, बल्कि उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त एस्टीमेट व विकास शुल्क का आर्थिक बोझ भी पड़ता है। उन्होंने जनहित में अपील की कि प्लॉट की रजिस्ट्री कराने से पूर्व खरीदार कॉलोनाइजर से विद्युतीकरण से संबंधित विभाग द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) व स्वीकृत दस्तावेज जरूर मांगें। दस्तावेजों का सत्यापन कराने के बाद ही सौदा करें, ताकि भविष्य में किसी भी तरह की मानसिक और वित्तीय परेशानी से बचा जा सके।


अखिलेश त्रिपाठी

# धामपुर में शान-ओ-शौकत से निकला जुलूसे मुहम्मदी


जुलूसे मुहम्मदी का शुभारंभ करते हुए मौलाना जाकिर हुसैन।

**धामपुर ( चिंगारी )।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर आज को नगर में निकाले गए जुलूस का मौहल्ला बंदूकचियान स्थित मदरसा नूरिया अरबिया से शुभारंभ ऊंची मस्जिद के मौलाना मुफ्ती जाकिर हुसैन ने हरी झंडी दिखाकर किया।

इस अवसर पर मौलाना इकबाल,मोहम्मद उस्मान, असीम राजा को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। जुलूसे मोहम्मदी में शामिल युवा हरे झंडे लेकर शामिल रहे। जुलूस का स्वागत पूर्व राज्य मंत्री मूलचंद चौहान, उनके पुत्र अमित प्रताप सिंह,पूर्व सपा नगर अध्यक्ष नसीम राणा, युवा सपा नेता नाजिम कुरैशी,पूर्व विधायक नइमूल हसन पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महमूद हसन , सपा के नगर अध्यक्ष हैदर अली आढती,नगर पालिका परिषद धामपुर के अध्यक्ष रवि कुमार, समाजसेवी चिकित्सक डॉक्टर कमाल अहमद,कांग्रेस नगर अध्यक्ष नज़ाकत अली समाजसेवी एवं युवा सर्राफा एसोसिएशन धामपुर के अध्यक्ष योगेश रस्तौगी बाबू भैय्या , जितेन्द्र वर्मा, विपिन अग्रवाल, सोनू गोस्वामी, शाहजेब आलम, राजा राईन, राघव रस्तौगी, सुबोध चौहान, सुमित सैनी, आकाश जैन, सोनू शर्मा शाहिद अनेक सामाजिक संस्थाओं ने कोल्ड ड्रिंक बिस्किट फल आदि वितरण करके किया। इस दौरान जुलूस के मार्ग को झालरों से सजाया गया था

# योगी आदित्यनाथ की सत्ता बेरोजगार युवाओं को दे भत्ता



**चांदपुर ( चिंगारी )।** भारत विकास समिति शिक्षित युवकों को रोजगार मिलने तक 5 हजार रूपए मासिक भत्ता दिये जाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपजिलाधिकारी को 5 सूत्रीय मांग-पत्र दिया। समिति के जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को भेजे गए मांग-पत्र में प्रत्येक महिला व युवती को 2500 रूपया मासिक भत्ता दिये जाने,100 यूनिट फ्री बिजली दिये जाने, सीनियर सिटीजन से चिकित्सक द्वारा ली जाने वाली परामर्श फीस पर रोक लगाये जाने, एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल शीघ्र लागू किये जाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में समिति के जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह एडवोकेट, नीरज तिवारी एडवोकेट, चौ. सुरेन्द्र सिंह, शमीम अहमद, जीशानुददीन, प्रदीप कुमार आदि शामिल थे।

# रंजीत जोशी सर्वसम्मति से चुने गये रामलीला कमेटी के अध्यक्ष



**नहटौर ( चिंगारी )।** श्री आदर्श रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पद पर रंजीत जोशी को सर्वसम्मति से चुना गया। श्री पंचायती मंदिर में श्री आदर्श रामलीला कमेटी के पदाधिकारी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत हुआ। इसके बाद इस वर्ष होने वाली श्री आदर्श रामलीला कमेटी के लिए अध्यक्ष पद के चुनाव की घोषणा की गई, जिसमें अध्यक्ष पद पर रंजीत जोशी का नाम आने पर सारे सदस्यों ने निर्विरोध सहमति जताई। कोषाध्यक्ष संजू सैनी चुने गए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष कमेटी के अध्यक्ष रंजीत जोशी ने बताया कमेटी का विस्तार शीघ्र कर दिया जाएगा। इस अवसर पर रोबिन सैनी, कपिल सैनी, सावन वाल्मीकि, संजय कुमार शर्मा, सिद्धांत जैन, दीपक सैनी, विकास सैनी, आदेश चंद्र, अंकित जैन, अरुण सैनी, संजय त्यागी, नितेश कुमार उपस्थित रहे।

# बिजली का नंगा तार छूने से बच्चे की मौत

**स्योहारा ( चिंगारी )।** घर में बिजली का नंगा तार छूने से 13 वर्षीय मासूम की मौत हो गयी। परिजनों में कोहराम मच गया। नम आंखों से बच्चे को अंतिम विदाई दी और अपनी भूल पर भी अफसोस जताया। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह सफियाबाद निवासी सुबहान ( 13 ) पुत्र नासिर घर में खेल रहा था। अज्ञात कारणों से घर में किसी नंगे तार में करंट दौड़ गया, जिसकी चपेट में सुबहान आ गया। परिजनों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी हालत गंभीर हो चुकी थी और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने सावधानी बरते हुए बिजली की मुख्य आपूर्ति बंद कर बच्चे को उठाया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मंगलवार की शाम मृतक सुबहान को कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया।

# सीडीओ ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण



पंचायत सचिव कुंती देवी को निर्देशित करते सीडीओ।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) रणविजय सिंह ने गत दिवस अफजलगढ़ ब्लॉक क्षेत्र के कई गांवों का दौरा कर अनेक कार्यों का निरीक्षण किया। सीडीओ ने सर्वप्रथम कादराबाद में बन रहे उत्सव भवन का निरीक्षण किया और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उसके बाद सीडीओ ने कल्लूवाला स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने साफ सफाई व्यवस्था पर असंतोष जताते हुए नाराजगी जाहिर की और उपस्थित बीईओ को इस तरफ गंभीरता से ध्यान देने एवं स्कूल प्रांगण से गुजर रहे विद्युत तारों को व्यवस्थित कराने के निर्देश दिए। उसके बाद सीडीओ रणविजय सिंह ग्राम पंचायत केहरीपुर जंगल पहुंचे, जहां उन्होंने पंचायतघर व डिजिटल लाइब्रेरी का निरीक्षण करते हुए पंचायत सचिव कुंती देवी को पंचायतघर की रंगाई-पुताई एवं वहां पेयजल व्यवस्था का उचित प्रबंध कराने को निर्देशित किया। ग्राम पंचायत पदारथपुर पहुंचकर सीडीओ रणविजय सिंह ने वहां भी पंचायतघर व डिजिटल लाइब्रेरी का मुआयना करते हुए पंचायतघर के परिसर की चारदीवारी कराने को निर्देशित किया। भ्रमण के दौरान बीडीओ मनवीर सिंह, एडीओ (पंचायत) ललित प्रताप सिंह, बीईओ प्रेम सिंह राणा सहित सम्बंधित पंचायत सचिव व अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कार्यकर्ता को परिवार का हिस्सा मानते हैं कुंवर बासित अली - डा. नफीस अंसारी



डॉ. नफ़ीस गुलरेज अंसारी

**नूरपुर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष बिजनौर व पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा उत्तर प्रदेश डॉ. नफीस गुलरेज़ अंसारी ने केंद्र नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कुंवर बासित अली को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र नेतृत्व का यह निर्णय अल्पसंख्यक मोर्चे के लिए नई ऊर्जा, नई उम्मीद और नये उत्साह का संदेश है। भाजपा की अपने छोटे से छोटे कार्यकर्ताओं पर नजर रहती है और जो जमीन से जुड़े एक समर्पित संगठनकर्ता को पीछे से आगे की पंक्ति में साथ ले जाने का काम करती है। कुंवर बासित अली अपनी मेहनत, संघर्ष और निरंतर सक्रियता के बल पर संगठन में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। कार्यकताओं के बीच उनकी सहजता, संगठन के प्रति निष्ठा और जिम्मेदारियों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ निभाने की क्षमता उन्हें एक प्रभावी नेतृत्वकर्ता बनाती है। जिस तरह केंद्र नेतृत्व ने एक जमीनी कार्यकर्ता को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया, उसी तरह भाजपा समर्पित कार्यकर्ताओं का भी केंद्र, प्रदेश, जिला, नगर, बूथ तक सभी का सम्मान होगा। उन्होंने कहा कि बासित अली की बड़ी विशेषता यह है कि वह कार्यकताओं को केवल संगठन की इकाई नहीं, बल्कि परिवार का हिस्सा मानकर उनके साथ खड़े रहने में विश्वास रखते हैं।

# ताइक्वांडो के विजेताओं को सम्मानित किया



**नूरपुर ( चिंगारी )।** आरआर पब्लिक स्कूल के सीबीएसई ताइक्वांडो जोन प्रतियोगिता 2026 में शानदार प्रदर्शन के लिए छात्रों को सम्मानित किया गया। मंगलवार को स्कूल पहुंचने पर खिलाड़ियों को प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने मेडल देकर सम्मानित किया। यह प्रतियोगिता 22 अगस्त से 25 अगस्त तक मूलचंद अकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नजीबाबाद में आयोजित की गई। ताइक्वांडो कोच जीवन सिंह ने बताया कि स्कूल की खिलाड़ी शिखा अग्रवाल और आयुषी कुमारी ने अंडर 17 बालिका वर्ग में 32 से 35 किलोग्राम और 38 से 42 किलोग्राम भारवर्ग में प्रतिभाग किया। आयुषी कुमारी ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए बालिका वर्ग के 32 से 38 किलोग्राम भारवर्ग में तीसरे स्थान के साथ कांस्य पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर स्कूल के उपप्रधानाचार्य टीकम सिंह, संजीव डबास, कपिल वालियान, मुकुल शर्मा, सुशांत मेहरा, विरेन्द्र सिंह, भूमिका चौहान आदि मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब ने गौशाला को चोकर व गुड़ दान दिया



**स्योहारा ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब स्योहारा संपूर्ण के तत्वावधान में सोमवार को नगर पालिका की गौशाला में गायों की सेवा करते हुए 19 कट्टा चोकर और 2 कुंतल गुड़ दान दिया। आगामी प्रोजेक्ट के लिए रोटेरियन डॉक्टर मनोज कुमार वर्मा के द्वारा 5100 देकर पशुओं के लिए पाइपलाइन कार्यक्रम की शुरुआत की गई। रोटरी क्लब के सभी सदस्य अध्यक्ष कांता प्रसाद पुष्पक, सचिव हरिओम हैरि गुर्जर के नेतृत्व में सचिव के आवास पर एकत्र हुए और उसके बाद नगर पालिका अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल के नेतृत्व में गौशाला पहुंचे, जहां गायों को गुड़ और चोकर खिलाया गया। इसी के साथ गायों के लिए पाइपलाइन से जल प्रदान करने और गायों के लिये शावर लगाने के लिए प्रस्ताव डॉ. मनोज कुमार वर्मा द्वारा रखा गया। डॉक्टर वर्मा ने 5100 देकर इस प्रस्ताव की शुरुआत की। इस दौरान डॉक्टर मनोज कुमार वर्मा, विजेंद्र सिंह पाल, शगुन दुआ, शोभित जैन, समीर रस्तोगी, हैरि गुर्जर, कांता प्रसाद पुष्पक, आलोक कुमार अग्रवाल, ऋषभ जैन, लव कुमार रस्तोगी, अर्पित त्यागी, देवेंद्र सिंह मुख्य लिपिक नगर पालिका, अमित कुमार गौशाला प्रभारी आदि मौजूद रहे। इस प्रोजेक्ट को सफल बनाने में चांद बिहारी पाटोदिया, क्षितिज अग्रवाल, शोभित जैन, आकाश जैन, आलोक अग्रवाल, सुरेंद्र कुमार अरोड़ा, कैप्टन श्री धीरज शर्मा, संजीव अरोड़ा, सरदार अरविन्दर सिंह काका, मुकेश मिगलानी, रमेश अरोडा मौजूद रहे।

# गांवों में जोश-ओ-खरोश के साथ निकाले गये जुलूस-ए-मुहम्मदी



### पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा

थाना प्रभारी निरीक्षक रवि करन सिंह के नेतृत्व में जुलूस को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा है। पुलिसकर्मी जुलूस के मार्ग पर तैनात रहे और पूरे कार्यक्रम पर नजर बनाए रखी है। ईद मिलादुन्नबी का कार्यक्रम क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ है।

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )। क्षेत्र में ईद मिलादुन्नबी का पर्व बड़े जोश-ओ-खरोश और अकीदत के साथ मनाया गया। इस मौके पर थाना क्षेत्र के गांव गागू नगला, छोईया नगली, पुड्डा और मसीत में मोहम्मदी जुलूस निकाले गए। जुलूस में सैकड़ों की संख्या में बुजुर्गों, नौजवानों और बच्चों ने शिरकत की। इस दौरान मरहबा-मरहबा के नारों की सदाएं बुलंद होती रहीं।**

### मरहबा-मरहबा की सदाएं गूंज उठीं

हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम गागू नगला और पुड्डा में मोहम्मदी जुलूस निर्धारित मार्गों से होकर निकाला गया। जुलूस में शामिल लोग हाथों में तिरंगा और इस्लामी झंडे लेकर चल रहे थे। जुलूस के दौरान जगह-जगह लोगों ने अकीदत के साथ जुलुस का स्वागत किया। पूरे मार्ग पर धार्मिक नारों की गूंज सुनाई देती रही। जुलूस में शामिल लोगों ने आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द का संदेश भी दिया। गागू नगला के पेश इमाम कारी गुलाम यासीन तथा पुड्डा के पेश इमाम कारी रिफाकात हुसैन रिज़्वी ने खिताब करते हुए कहा कि सभी लोगों को हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के बताए रास्ते पर चलकर फेज़ हासिल करना चाहिए। पैगंबर-ए-इस्लाम ने पूरी दुनिया को अमन, शांति और भाईचारे का पैगाम दिया है। ऐसे में उनकी सुन्नतों को आम करना और बुराई तथा बुरे कार्यों से बचना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विलादत-ए-रसूल की खुशी हर मोमिन के लिए खुशी का दिन है, लेकिन यह खुशी किसी राजनीतिक रंग में नहीं रंगनी चाहिए और न ही किसी गैर-मुस्लिम को इससे किसी प्रकार की परेशानी या नुकसान पहुंचना चाहिए। खुशी मनाने का तरीका शरीयत-ए-इस्लामिया और पैगंबर साहब की शिक्षाओं के अनुरूप होना चाहिए। मोहम्मदी जुलूस के बाद मौलाना तंजीफ मंजरी, कारी जाकिर हुसैन, कारी गुलाम यासीन, कारी मोहम्मद हसनैन रज़ा कारी मजहर हुसैन, नफीस अहमद, फहमीद, मुस्तकीम उर्फ पप्पू,नदीम प्रधान, शाहिद, हाजी नसीर कादरी, नाजिम शेख, दिलदार, मेराज, हैदर अली, महबूब ठेकेदार, हासिम कसगर, नजाकत कादरी,जमशेद अली, सनव्वर अली, बहार आलम, अलफेज, सानू मलिक, डॉ.काजिम, इरशाद मलिक सहित सैकड़ों लोगों ने बारगाह-ए-खुदाबंदी में दोनों हाथ उठाकर देश में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ की। इस दौरान बाढ़ से प्रभावित लोगों की परेशानियां दूर होने और उन्हें राहत मिलने के लिए भी विशेष दुआ की गई है।

# आसपा की गतिविधियों की समीक्षा की



**किरतपुर ( चिंगारी )।** आजाद समाज पार्टी ने नगीना विधानसभा क्षेत्र में अपनी संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा शुरू कर दी है। कल किरतपुर स्थित पार्टी कार्यालय में नगीना विधानसभा अध्यक्ष सरफराज मलिक के नेतृत्व में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को सेक्टर और नगर स्तर पर मजबूत करना था। बैठक के दौरान विधानसभा कमेटी के साथ-साथ किरतपुर और नगीना नगर कमेटियों तथा विभिन्न सेक्टर अध्यक्षों के कार्यों की समीक्षा की गई। सरफराज मलिक ने सभी सेक्टर अध्यक्षों और विधानसभा कमेटी के पदाधिकारियों से सक्रियता के साथ कार्य करने, संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस बैठक में प्रदेश कोर कमेटी सदस्य भीमसेन हल्दिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ जिला प्रभारी साबू प्रधान, जोन प्रभारी सुरेश सैनी, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, प्रदेश सचिव साहिल मेहरा, जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र कुमार, प्रदेश सचिव आरिफ मलिक, जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार, जिला सचिव राजन बाल्मीकि, किरतपुर नगर अध्यक्ष फलसुफ जमा खान, नगीना नगर अध्यक्ष असलम सिद्दीकी, अनीस अहमद और अंजार अहमद मौजूद रहे।

MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL
URGENTLY REQUIRED
PGT (ALL SUBJECTS)
TGT (ALL SUBJECTS)
PRT (ALL SUBJECTS)
P.T.I. (B.P.ED/M.P.ED.)
KINDERGARTEN
Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred
Transport Facilities available for Bijnor Staff
Email : extrakotwali@gmail.com Send Resume on the
Given Number 9412201377
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR

# सभासदों की मांग पर विधायक पारस ने एसडीएम के सामने उठाया जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र का मुद्दा

**किरतपुर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद के सभासदों ने कल नगीना विधायक एवं पूर्व राज्यमंत्री मनोज पारस से उनके किरतपुर कैंप कार्यालय पर मुलाकात की। सभासदों ने जन्म प्रमाण-पत्र बनवाने में आ रही समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक मनोज पारस ने तत्काल नजीबाबाद उपजिलाधिकारी से मुलाकात कर किरतपुर के लोगों को जन्म प्रमाण-पत्र जारी होने में आ रही दिक्कतों के संबंध में जानकारी दी। विधायक ने पुराने वर्षों के जन्म प्रमाण-पत्रों से जुड़े मामलों के शीघ्र निस्तारण की मांग की। इस पर उपजिलाधिकारी ने विधायक को आश्वासन दिया कि जल्द ही किरतपुर में विशेष कैंप लगाया जाएगा। कैंप में पुराने वर्षों के जन्म प्रमाण-पत्रों से संबंधित मामलों की मौके पर जांच की जाएगी। जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद पात्र लोगों के जन्म प्रमाण-पत्र जल्द जारी किए जाएंगे। सभासदों ने विधायक मनोज पारस के हस्तक्षेप पर आभार जताते हुए उम्मीद जताई कि कैंप लगने से लंबे समय से जन्म प्रमाण-पत्र के लिए परेशान लोगों को राहत मिलेगी।



# बाजारों, होटलों, गैराजों पर छापे मारे

## बाल श्रम पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाया अभियान



**नहटौर ( चिंगारी )।** बाल श्रम और मानव तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रशासन की टीम ने नगर में बड़ी कार्रवाई की। बाल श्रम प्रवर्तन और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (AHTU) की संयुक्त टीम ने पुलिस बल के साथ मुख्य बाजारों, होटलों, ढाबों और मोटर गैराजों पर औचक छापेमारी की। जानकारी के अनुसार मंगलवार को बाल श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रीति सोम और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (AHTU) के उपनिरीक्षक लखपत सिंह की संयुक्त टीम ने पुलिस बल के साथ की गई छापेमारी के दौरान कार्रवाई के दौरान कई दुकानों व व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर नाबालिग बच्चों से काम कराया जाता हुआ मिला, जो कि बाल श्रम कानून का सीधा उल्लंघन है। अधिकारियों ने मौके पर ही बच्चों से पूछताछ की और दुकान स्वामियों से आयु संबंधी दस्तावेज और साक्ष्य मांगे। संतोषजनक जवाब न मिलने पर टीम ने बाल श्रमिकों को रेस्क्यू किया और नियमों की अनदेखी करने वाले कई दुकानदारों के चालान काटे। अधिकारियों की इस अचानक कार्रवाई से नहटौर बाजार के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई से बचने के लिए कई दुकानदारों ने आनन-फानन अपनी दुकानें बंद कर भागने का प्रयास किया, लेकिन मुस्तैद पुलिस टीम ने उन्हें रोककर कार्रवाई की। अधिकारियों ने कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया कि बच्चों से मजदूरी कराना कानूनी अपराध है। यदि भविष्य में किसी भी दुकान या प्रतिष्ठान में नाबालिगों से काम कराया जाता पाया गया, तो संबंधित मालिकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने कहा कि बाल श्रम पर पूर्ण विराम लगाने के लिए आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे।

# रोडवेज बसों में आजीवन मुफ्त यात्रा कर सकेंगी बुजुर्ग महिलाएं

## बुजुर्ग महिलाओं को योगी सरकार का तोहफा

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश कैबिनेट बैठक में 24 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें 60 साल से अधिक उम्र की महिलाओं के लिए निशुल्क बस यात्रा का प्रस्ताव भी शामिल है। परिवहन विभाग के इस प्रस्ताव के तहत 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाएं उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की सभी बसों में आजीवन मुफ्त यात्रा कर सकेंगी। इस योजना को लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति योजना नाम दिया गया है। निशुल्क यात्रा के लिए महिलाओं को आधार कार्ड या वोटर ड्ढ कार्ड दिखाना होगा। महिलाओं के आधार कार्ड से उनकी उम्र देखकर मुफ्त बस यात्रा देने की योजना शुरू होगी। इस योजना का लाभ एक करोड़ से अधिक महिलाओं को मिलने का अनुमान है। महिलाओं को मुफ्त बस सेवा देने में महीने का खर्च करीब 22.5 करोड़ रुपये आएगा। यह आंकड़ा प्रतिदिन 88,000 महिलाओं की यात्रा के आधार पर निकाला गया है। महिलाओं की आबादी का आंकड़ा 2011 की जनगणना के आधार पर निकाला गया है। इसके अलावा यूपी में 250 इलेक्ट्रिक बस खरीदने के लिए कैबिनेट ने 425 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इसे महिलाओं के लिए बड़ा तोहफा माना जा रहा है। रक्षाबंधन से पहले प्रदेश की बुजुर्ग महिलाओं को सरकार की बड़ी सौगात मिली है।



### संतान देखभाल न करे तो संपत्ति से बेदखल कर सकेंगे बुजुर्ग

योगी कैबिनेट ने वरिष्ठ नागरिकों के सम्मानजनक जीवन और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए भी बड़ा कदम उठाया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि मंत्रिमंडल ने 'उत्तर प्रदेश माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण नियमावली-2014' में संशोधन करते हुए नियम 22 में 22क, 22ख और 22ग जोड़ने का निर्णय लिया है। नए प्रावधानों के तहत मां-बाप अपने बच्चों को संपत्ति से बेदखल कर सकेंगे। इसके लिए बेदखली की प्रक्रिया भी निर्धारित की गई है। यदि किसी भी वरिष्ठ नागरिक की संतान या उनके अन्य आश्रित रिश्तेदार उनका भरण-पोषण नहीं कर रहे हैं अथवा उनके साथ किसी तरह का दुर्व्यवहार कर रहे हैं तो पीड़ित बुजुर्ग उन्हें अपनी संपत्ति से बेदखल कर सकेंगे। वित्त मंत्री ने बताया कि बुजुर्गों को इस व्यवस्था का लाभ आसानी से मिल सके, इसके लिए बेदखली की प्रक्रिया को स्पष्ट और समयबद्ध बनाया गया है। साथ ही, जल्द ही सरकार एक टोल नंबर भी जारी करेगी ताकि यदि कोई वरिष्ठ नागरिक स्वयं जाकर शिकायत करने में सक्षम न हो, तो उसे आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

### युवाओं के लिए 25 लाख टैबलेट खरीदने का प्रस्ताव मंजूर

**प्रदेश के युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत 25 लाख टैबलेट की खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। योगी सरकार ने टेंडर प्रक्रिया में चयनित संस्थाओं को क्रय आदेश जारी किए जाने की मंजूरी देकर प्रदेश के युवाओं को डिजिटल संसाधनों से जोड़ने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है। ये टैबलेट पात्र युवाओं को निशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे।**

## बिजनौर में होगा फ्रेंच फ्राइज का उत्पादन

**एग्रिस्टो मासा प्राइवेट लिमिटेड बिजनौर में फ्रोजन फ्रेंच फ्राइज का उत्पादन करेगी। परियोजना में 794.27 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। कंपनी बेल्जियम के एग्रिस्टो समूह और भारत के वेव समूह का संयुक्त उद्यम है। मौजूदा आलू फ्लेक्स उत्पादन के विस्तार और विविधीकरण के तहत प्रस्तावित इकाई में सालाना करीब 75 हजार मीट्रिक टन फ्रेंच फ्राइज का उत्पादन किया जाएगा। परियोजना से करीब 345 रोजगार सृजित होने का अनुमान है। इसके अलावा आलू की मांग बढ़ने से क्षेत्र के किसानों को भी स्थानीय स्तर पर बड़ा बाजार मिलने की उम्मीद है।**

## बिजनौर से हरिद्वार की कनेक्टिविटी बेहतर होगी

**उत्तराखंड सीमा से लगे बिजनौर जिले से हरिद्वार जाने के लिए वर्तमान में प्रमुख रूप से एनएच-34 (मेरठ-बिजनौर-हरिद्वार राष्ट्रीय मार्ग) की सुविधा उपलब्ध है। गंगा एक्सप्रेसवे के हरिद्वार तक विस्तार से बिजनौर को हरिद्वार से बेहतर और तेज कनेक्टिविटी मिल सकेगी। इसके साथ ही बिजनौर की कनेक्टिविटी गंगा एक्सप्रेसवे के माध्यम से प्रदेश की राजधानी लखनऊ से भी बेहतर होगी। इससे क्षेत्र में व्यापार, निवेश, उद्योग और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की संभावना है।**

## 250 इलेक्ट्रिक बस खरीदी जाएंगी

कैबिनेट ने सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम के बेड़े को मजबूत करने के लिए 250 नई वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों की खरीद का प्रस्ताव मंजूर कर लिया। इसके लिए 400 करोड़ रुपये की धनराशि को मंजूरी देने का निर्णय लिया गया है।

# अगले छह माह में यूपी के एक लाख युवाओं को सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र सौंपेंगे- योगी

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान तीन हजार 572 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस मौके पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पिछले साढ़े नौ सालों में उनकी सरकार प्रदेश के नौ लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी हैं। अगले छह माह में प्रदेश के एक लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी। योगी ने कहा कि हमें इस बात को ध्यान में रखना होगा कि जब हम योग्यतम अभ्यर्थियों का चयन बिना भेदभाव के करते हैं, तो उसका लाभ पूरे प्रदेश को मिलता है। उनकी प्रतिभा और उनकी ऊर्जा का लाभ पूरा प्रदेश लेता हुआ दिखाई देता है और यही पिछले 9-9.5 वर्ष के अंदर डबल इंजन की भारतीय जनता पार्टी की सरकार की उपलब्धियों में से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि भी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने नौ लाख 30 हजार से अधिक उत्तर प्रदेश के युवाओं को सरकारी नौकरी उपलब्ध करवाने में सफलता प्राप्त की है और एक भी नियुक्ति पर कोई प्रश्न नहीं खड़ा कर सकता। हमने पहले दिन से तय कर रखा है कि जो 2017 के पहले की परिपाटी थी, वह अब नहीं चलेगी। नियुक्ति का विज्ञापन निकलता था, चाचा-भतीजे की जोड़ी और महाभारत का पूरा खानदान फिर वसूली के लिए प्रदेश भर में निकल पड़ता था। नौजवान भटकता रहता था, परिणाम नहीं आता था और अंततः न्यायालय को कोर्ट में स्टे लगाना पड़ता था। हमारे युवाओं का समय बर्बाद होता था। लोग मानते थे कि ये युवा किसी लायक नहीं क्योंकि ये नौकरी नहीं प्राप्त कर रहे। गलती युवा की नहीं होती थी, गलती उन आयोगों और बोर्डों में बैठे हुए और उस समय की सरकारों के भ्रष्ट तंत्र की थी। हमने पहले दिन कहा था कि अगर ये सरकार अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्य कर रही है तो हम नकल माफिया की भी और विभिन्न संस्थानों में बैठे हुए माफिया की कमर को भी तोड़ेंगे और उसके आकाओं को भी जमीन-आसमान दिखाने का काम करेंगे। आपने देखा होगा इस दौरान हम लोगों ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई की।



माफिया की संपत्ति को जब्त करवाया, उससे वसूली करवाई और नियुक्ति प्रक्रिया को और पारदर्शी तरीके से संपन्न करते हुए नौ लाख 30 हजार से अधिक नौजवानों को हमने सरकारी नौकरी देने में सफलता प्राप्त की। आज जब यहाँ साढ़े तीन हजार कृषि तकनीकी सहायक और मंडी सचिवों को नियुक्ति पत्र वितरण के इस कार्यक्रम के साथ जोड़ रहा हूँ, मैं प्रदेश भर के युवाओं को इस बात के लिए आश्वस्त कर रहा हूँ कि अगले छह महीने के अंदर एक लाख नौजवानों को सरकारी नियुक्ति पत्र देने जा रहे हैं। हमें बुरा लगता है जब कोई युवा कहता है कि हमने परीक्षा दी है, परिणाम अभी तक नहीं आ पाया। हम आयोग और बोर्डों की बैठक लेते हैं और उनसे कहते हैं कि आपको इतनी स्वतंत्रता दे रखी है, परिणाम भी समय पर लाइए। पहले होता क्या था? आप भी इसी प्रदेश में पढ़े होंगे। यूपी बोर्ड की परीक्षा होती थी। उसमें तीन महीने लगते थे। परिणाम आने में तीन महीने लगते थे। इस प्रकार छह महीने तो साल में ऐसे ही बर्बाद होते थे। उसके अगले तीन महीने प्रवेश की प्रक्रिया अलग है। पर्व और त्योहार अलग हैं। तीन महीने भी बच्चों को पढ़ाई के लिए नहीं मिल पाते थे। तब सरकार नौजवानों को किसी लायक नहीं छोड़ती थी। सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए उन्होंने प्रदेश के नौजवानों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया था। तात्कालिक रूप से नौजवान को लगता था कि हितैषी हैं, हितैषी नहीं थे। वे युवाओं के दुश्मन थे। मैंने 2017 में जब पहली बैठक किया था।

# दुकानें हटाये जाने के विरोध में कारोबारी व उनके परिवार की महिलाओं ने किया प्रदर्शन

## व्यापार मंडल के आह्वान पर बाजार रहा बंद

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** रेलवे स्टेशन के बाहर बनी लगभग 59 खोखानुमा दुकानों को हटाए जाने के संबंध में लोक निर्माण विभाग की ओर से संबंधित कारोबारियों को नोटिस जारी किए गए थे। इससे नाराज व्यापारियों ने 19 अगस्त से दुकानें बंद कर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया था। धरना प्रदर्शन के सातवें दिन नगर उद्योग व्यापार मंडल के आह्वान पर बाजार बंद रहा। वहीं कारोबारियों और उनके परिवार की महिलाओं ने जुलूस निकाल कर नारेबाजी करते हुए दुकानों को हटाने का फैसला वापस लेने की मांग की।

प्रभावित कारोबारी और उनके परिवार की महिलाएं जुलूस की शक्ल में रेलवे स्टेशन के सामने से झंडाचौक होते हुए तहसील पहुंचे। इस दौरान प्रभावित कारोबारी सरकार के इस फैसले के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। तहसील पहुंचकर जुलूस सभा में बदल गया। वक्ताओं ने कहा कि व्यापारी वर्ग किसी भी समाज और देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होता है, लेकिन सरकार व्यापारियों के खिलाफ काम कर रही है। कहा कि वे पिछले लंबे समय से इसी स्थान पर काबिज हैं और अब उन्हें हटाने का प्रयास किया जा रहा है, जो अनुचित है। कहा कि रेलवे स्टेशन के सामने स्थित दुकानें लंबे समय से उनके रोजगार का आधार हैं। ऐसे में उन्हें हटाने से पहले उनके पुनर्वास या वैकल्पिक व्यवस्था की जानी चाहिए। चेतावनी दी कि इस संबध में सकारात्मक कार्रवाई न होने पर आंदोलन को तेज किया जायेगा। तत्पश्चात व्यापारियों ने इस संबंध में सक्षम अधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।

इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रवीण भाटिया, महामंत्री नवीन गोयल, अजय अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, वकील अहमद, बलवीर सिंह, नईम अहमद, मंगतराम अग्रवाल, इमरान अहमद, सुनील भाटिया, कुंज अग्रवाल, हरीश भाटिया, नितिन भाटिया, हरजीत मल्होत्रा, राजकुमार भाटिया, कोमल, प्राची, वंदना, प्रिया, रोशनी, करुणा, सोनम, मधु, अनु, मधु, मीना, रेखा, दीपा, अनीता, शकुंतला, मायावती, प्रेमा, पूनम, कंचन, मेघा, शैली शामिल रहे।



कोटद्वार में मंगलवार को व्यापारियों के आह्वान पर बाजार बंद रहा।

## प्रदीप बडोला बने अध्यक्ष

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** दुगड्डा में आयोजित होने वाली रामलीला के सफल संचालन के लिए आयोजित बैठक में कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में प्रदीप बडोला को अध्यक्ष, तरूण जोशी को उपाध्यक्ष, नितेश ठकुर को महासचिव, राहुल जैन को कोषाध्यक्ष और संजीव कोटनाला व संजीव कपूर को निर्देशक चुना गया। मौके पर सर्वसम्मति से 12 सितंबर से रामलीला पूर्वाभ्यास व 8 अक्टूबर से रामलीला मंचन का निर्णय लिया गया।

# लायंस क्लब डिवाइन ने बांटा खीर का प्रसाद



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** सावन के अंतिम सोमवार पर लायंस क्लब ऋषिकेश डिवाइन की ओर से मुखर्जी चौक पर खीर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्लब के सदस्यों ने श्रद्धालुओं एवं आमजन को प्रसाद स्वरूप खीर वितरित की। कार्यक्रम में क्लब के वरिष्ठ सदस्य ललित मोहन मिश्र एवं महेश किंगर, क्लब अध्यक्ष शिवम अग्रवाल, सचिव अक्षय चौहान, कोषाध्यक्ष कमल नारंग सहित विनीत चावला, लोकेश अग्रवाल, रजत भोला उपस्थित रहे। सभी सदस्यों के सहयोग एवं सहभागिता से कार्यक्रम बहुत ही सुंदर एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्लब सदस्यों ने सावन के अंतिम सोमवार पर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए समाजसेवा एवं जनकल्याण के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# कैंट विधानसभा में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

## भाजपा सरकार पर बरसे राजीव महर्षि



**देहरादून ( चिंगारी )।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी राजीव महर्षि ने कैंट विधानसभा क्षेत्र के द्रोणपुरी, पटेल नगर पूर्व, कांवली रोड और विजय पार्क वार्ड में जनसंपर्क कर स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान आयोजित सभा में उन्होंने भाजपा पर कैंट विधानसभा की अनदेखी करने का आरोप लगाया।

राजीव महर्षि ने कहा कि कैंट विधानसभा क्षेत्र पर भाजपा का करीब 30 वर्षों से कब्जा है, लेकिन इसके बावजूद लोग आज भी बिजली, पानी और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान हैं। उन्होंने कहा कि कौलागढ़ में वर्ष 2022 में क्षतिग्रस्त हुई सड़क की स्थिति आज तक नहीं सुधरी है। कई कॉलोनियों में सीवर, पेयजल और बिजली की व्यवस्था भी खराब है। महर्षि ने बेरोजगारी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि बड़ी संख्या में युवा रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं, लेकिन सरकार उन्हें पर्याप्त रोजगार के अवसर उपलब्ध नहीं करा सकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में आम लोगों की समस्याओं की सुनवाई नहीं हो रही है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि क्षेत्र के लोग अब बदलाव चाहते हैं और आगामी चुनाव में भाजपा को जवाब देंगे। वहीं पार्टी के वरिष्ठ नेता जगदीश धीमान ने कहा कि जनता के सब्र का बांध टूट चुका है और भाजपा की उल्टी गिनती शुरू हो गई है।

## सेवानिवृत वनकर्मियों ने की रूके भत्ते बहाली की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** सेवानिवृत्त वन अधिकारी एवं कर्मचारी कल्याण समिति की स्थानीय शाखा की मासिक बैठक पनियाली स्थित अरण्य सभागार में आयोजित हुई। समिति अध्यक्ष एवं पूर्व रेंजर आरपी पंत की अध्यक्षता में हुई बैठक में पिछली बैठक की समीक्षा के साथ सदस्यों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। आरपी पंत ने कहा कि इस वर्ष विभाग के सहयोग से कोटद्वार और सनेह रेंज में पौधारोपण कार्य कराया गया। कहा कि वन विभाग की पहचान और जिम्मेदारी से जुड़े कार्यों में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की भी सहभागिता जरूरी है। मौके पर कोरोना काल में रोके गए भत्तों को बहाल करने की मांग भी उठाई गई। समिति ने सरकार से इस मामले में शीघ्र निर्णय लेने का आह्वान किया। बैठक में पूर्व एसडीओ अनिल कुकरेती, पूर्व रेंजर हरिश्चंद्र भट्ट सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# तीर्थ नगरी में इंडोर बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण प्रारंभ



## नगर निगम, खेल सुविधाओं का भी करेगा विस्तार : महापौर

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** तीर्थनगरी ऋषिकेश में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने तथा बच्चों और युवाओं को आधुनिक एवं बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। बैराज कॉलोनी वार्ड में ऋषिकेश के प्रथम इनडोर बैडमिंटन कोर्ट के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ महापौर शम्भू पासवान द्वारा किया गया। इनडोर बैडमिंटन कोर्ट के निर्माण से शहर के खिलाड़ियों को वर्षभर मौसम की बाधाओं से मुक्त होकर अभ्यास करने की सुविधा प्राप्त होगी। विशेष रूप से बच्चों, युवाओं और उभरती हुई बैडमिंटन प्रतिभाओं के लिए यह सुविधा अत्यंत उपयोगी साबित होगी। इस अवसर पर महापौर शम्भू पासवान ने कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच विकसित करने का सशक्त माध्यम है। नगर निगम का प्रयास है कि ऋषिकेश में विकास के साथ-साथ खेल सुविधाओं का भी निरंतर विस्तार किया जाए, ताकि शहर की प्रतिभाओं को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच मिल सके। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद अभिनव सिंह मलिक, समाज सेवी बहन नीरजा गोयल, लक्ष्मी नारायण जोशी सहित नगर निगम के अधिशासी अभियंता अनिल नेगी, अवर अभियंता योगेश सेमवाल, शिवानी आदि उपस्थित रहे।

# ब्रह्माकुमारियों ने मेयर को बांधा रक्षा सूत्र



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** रक्षा बंधन के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, गीता नगर, ऋषिकेश की बहनों द्वारा सामाजिक सद्भाव एवं भाईचारे का संदेश देते हुए मेयर शंभू पासवान को रक्षा सूत्र बांधा गया। ब्रह्माकुमारी बहनों ने मेयर शंभू पासवान को रक्षा सूत्र के आध्यात्मिक महत्व से अवगत कराया तथा समाज में शांति, प्रेम, भाईचारा और सकारात्मकता को बढ़ावा देने का संकल्प दिलाया। उन्हें नशे एवं बुराइयों से दूर रहने, स्वच्छ एवं संस्कारवान समाज के निर्माण में योगदान देने तथा जनसेवा को प्राथमिकता देने की शपथ दिलाई गई। मेयर शंभू पासवान ने कहा कि रक्षा सूत्र केवल एक धागा नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी, प्रेम और सकारात्मक जीवन जीने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज गीता नगर केंद्र की बहनों सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# प्रयागराज से हरिद्वार तक विस्तारित होगा गंगा एक्सप्रेसवे

## योगी कैबिनेट ने दी मंजूरी

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने मंगलवार को प्रदेश के बुनियादी ढांचे और औद्योगिक विकास को गति देने से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले लिए। कैबिनेट ने गंगा एक्सप्रेसवे के प्रयागराज से हरिद्वार तक विस्तार को मंजूरी दे दी है। करीब 10,761 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित इस विस्तार से पश्चिमी उत्तर प्रदेश और प्रयागराज के बीच संपर्क और सुगम होगा। गंगा एक्सप्रेसवे के हरिद्वार तक विस्तार से बिजनौर से हरिद्वार की कनेक्टिविटी भी आसान होगी। इससे धार्मिक, पर्यटन और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ ही प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों के बीच आवागमन को नई गति मिलने की उम्मीद है। कैबिनेट ने इसके अलावा सुल्तानपुर में 272 करोड़ रुपये की लागत से इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर विकसित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। यह औद्योगिक क्लस्टर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के समीप विकसित किया जाएगा। क्लस्टर के विकसित होने से क्षेत्र में विनिर्माण और भंडारण से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। एक्सप्रेसवे के निकट होने के कारण तैयार उत्पादों और कच्चे माल के परिवहन में भी सुविधा होगी। सरकार का लक्ष्य इस तरह के औद्योगिक क्लस्टरों के माध्यम से निवेश आकर्षित करने, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाने और प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को गति देना है। गंगा एक्सप्रेसवे का हरिद्वार तक विस्तार और सुल्तानपुर में औद्योगिक-लॉजिस्टिक्स क्लस्टर की स्थापना को प्रदेश में सड़क संपर्क और औद्योगिक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद (बिजनौर)

**अधिसूचना अंतर्गत धारा-147 (2) यू.पी. म्यु एक्ट 1916**

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री अकबर पुत्र श्री कालू मौहल्ला जाब्तागंज तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर में नगरपालिका परिषद के कर सम्बन्धी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में श्री कालू पुत्र श्री बुल्ला नजीबाबाद जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु खसरा खतौनी-325 शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र दिया है। अतः प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा। विवरण सम्पत्ति सं:-1664/5 मौहल्ला जाब्तागंज नगर व तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**
**न.पा. परिषद, नजीबाबाद**

### कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद (बिजनौर)

**अधिसूचना अंतर्गत धारा-147 (2) यू.पी. म्यु एक्ट 1916**

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री जावेद अहमद पुत्र श्री शफीक अहमद व श्री शफीक अहमद व श्री इमरान पुत्र श्री मौ. तसलीम मौहल्ला जाब्तागंज तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर में नगरपालिका परिषद के कर सम्बन्धी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में श्री अकबर पुत्र श्री कालू नजीबाबाद जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु दानपात्र व शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र दिया है। अतः प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा। विवरण सम्पत्ति सं:-1664/5 मौहल्ला जाब्तागंज नगर व तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**
**न.पा. परिषद, नजीबाबाद**


जॉब ओपनिंग | चांदपुर-बिजनौर

स्किल इंडिया के लिए योग्य, स्मार्ट एवं अनुभवी उम्मीदवारों की आवश्यकता है।

1. Centre Head — वेतन: ₹20,000 - ₹40,000
- सेंटर के सम्पूर्ण संचालन एवं प्रशासन की जिम्मेदारी
- पूरी टीम का नेतृत्व एवं performance management
- सरकारी/प्रोजेक्ट टीम के साथ coordination एवं reporting
- Documentation एवं MIS की अच्छी समझ
- Excellent English Communication & Computer Skills अनिवार्य
- Leadership, decision-making एवं problem-solving skills
- संबंधित क्षेत्र में अनुभवी उम्मीदवारों को प्राथमिकता

2. Computer Operator — वेतन: ₹10,000 - ₹20,000
- कंप्यूटर की अच्छी Practical Knowledge अनिवार्य
- MS Office, Excel, Word, Email एवं Online Work की जानकारी
- Data Entry, Documentation एवं MIS/Reporting में दक्षता
- स्मार्ट एवं जिम्मेदार उम्मीदवारों को प्राथमिकता

3. Counsellor — वेतन: ₹10,000 तक
- उम्मीदवारों को परामर्श देना एवं मार्गदर्शन करना
- अभ्यर्थियों की काउंसलिंग, फॉलोअप एवं दस्तावेज़ सत्यापन
- संवाद कौशल (Communication Skills) अच्छा होना अनिवार्य
- संबंधित क्षेत्र में अनुभवी उम्मीदवारों को प्राथमिकता

इच्छुक उम्मीदवार अपना Resume इस नंबर पर भेजें 9313438614
स्थान: चांदपुर, बिजनौर, उत्तर प्रदेश
बेहतर अवसर, बेहतर भविष्य - जुड़ें हमारे साथ!



मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A.,
F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423





Gents Specialist
Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor



Kajaria
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom



DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
TILE O GRIP
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर